डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 11 .01.2021 से 17.01.2021 ▶ वर्ष-38 ▶ अंक-02 ▶ मूल्य ₹10.00

आर्थिक सशक्तीकरण के लिये महिलाओं को देंगे नई जिम्मेदारियां

महिला स्व-सहायता समूहों के खाते में अंतरित किये गये 200 करोड़ रुपये

भोपाल, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाये हैं। प्रदेश की बहनों को गरीब नहीं रहने दिया जायेगा। स्व-सहायता समूहों के गठन, उनके प्रशिक्षण, उन्हें बैंक लिंकेज दिलवाने और मार्केटिंग का लाभ दिलवाकर आर्थिक लाभ प्रदान करवाने के कार्य लगातार चलेंगे। पोषण आहार तैयार करने का कार्य अब ठेकेदार नहीं, बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं करेंगी। इन समूहों के उत्पाद पोर्टल के माध्यम से दूसरे देशों तक जा सकेंगे। गरीबी मिटाने का यह बहुत बड़ा माध्यम होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों के खातों में 200 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्व-सहायता समूह के आर्थिक सशक्तीकरण के लिये क्रेडिट कैम्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में इन समूहों को बड़ी, अचार और पापड़ बनाने से आगे ले जाकर नवीन गतिविधियों जैसे किचिन शेड के निर्माण, बंजर भूमि समतलीकरण, वर्क शेड निर्माण, कुआं निर्माण, मवेशी आश्रय भवन, भंडारण भवन और पशुपालन से भी जोड़ा जायेगा। इन नयी जिम्मेदारियों से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। कोई ऐसा कार्य नहीं जो हमारी बहनें नहीं कर सकतीं। कार्यक्रम में समूहों को मिली सफलता पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने विभाग के नवीन पोर्टल http://shgjivika.mp.gov.in/mpmart/index की भी शुरुआत की जिसके माध्यम से ग्रामों के उत्पाद के विक्रय का कार्य आसान होगा। इससे पंजीकृत समूह, शासकीय संस्थाओं और व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को विक्रय कर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे।

बेटी बचाओ अभियान में भी मददगार हों बहनें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध न हों और बेटी बचाओ अभियान को गति मिले इसके लिये शासकीय विभाग सक्रिय हैं। इस कार्य में हमारी बहनें भी मददगार बनें। चिटफंड के नाम पर पैसे दोगुने करने वाले आर्थिक अपराधियों और गुंडागर्दी करने वालों को नहीं बख्शा जायेगा। महिलाएं भी इन प्रयासों में मददगार बनें।

प्रदेश में 10 लाख परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में 35 लाख से अधिक ग्रामीण निर्धन परिवारों के 3 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। प्रदेश में कुल 2237 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने कोरोना संकट के समय प्रदेश में मास्क निर्माण जैसा महत्वपूर्ण कार्य किया। प्रदेश की आबादी को कोरोना वायरस से बचाने में समूहों की महिलाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके लिये महिला स्व-सहायता समूह की बहनें बधाई की पात्र हैं। वास्तव में इन बहनों की कार्य क्षमता अभूतपूर्व है। समूहों को इस वर्ष कुल 1400 करोड़ रुपये की सहायता दी जायेगी। गतवर्ष के 175 करोड़ रुपये के वितरण के मुकाबले इस वर्ष समूहों को 883 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया जा चुका है। मध्यप्रदेश बीते वर्ष की तुलना में 708 करोड़ रुपये से अधिक राशि का वितरण कर देश में दूसरे स्थान पर है। इसके लिये समूहों की बहनें बधाई की पात्र हैं।

महिलाओं को देंगे अधिक से अधिक सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनाने के साथ अन्य योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। विद्यालय जाने के लिये साइकिल प्रदान करने, गर्भावस्था और प्रसव के पश्चात पोषण आहार के लिये राशि और लाडली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं को लाभ मिला है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में माफिया के विरुद्ध अभियान छेड़ा गया है। इसके साथ ही नशे की लत से युवाओं को बचाने के लिये अनेक कदम उठाये गये हैं। महिलाएं भी बच्चों को नशे की तरफ बढ़ने से रोककर इस कार्य में सहयोगी बन सकती हैं।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

पिछड़ा वर्ग के दो लाख से अधिक विद्यार्थियों को वितरित

भोपाल, मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक पिछड़ा वर्ग के 2 लाख 49 हजार विद्यार्थियों को 325 करोड़ 23 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है। विभाग द्वारा इस वर्ष पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में 419 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित दरों पर प्रदान की जा रही है। विभाग ने कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं वितरण का दायित्व स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा है।

मेधावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा मेधावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति दी जा रही है। योजना में प्रत्येक जिले से 4 विद्यार्थियों जिनमें दो छात्र एवं दो छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने का प्रावधान है। योजना में इस वर्ष 208 विद्यार्थियों को मेधावी छात्रवृत्ति दी जायेगी।

पैरामेडिकल शिक्षण कार्य के लिये पुनः कक्षाएं शुरू करने के निर्देश

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग की अध्यक्षता में मंत्रालय में मध्यप्रदेश-सह-चिकित्सीय परिषद की साधारण सभा की बैठक में प्रदेश में सह-चिकित्सीय पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाली संस्थाओं के लिये पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के व्यवहारिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण के मद्देनजर पैरामेडिकल शिक्षण कार्य पुनः शुरू करने के निर्देश दिये। पैरामेडिकल शिक्षा में रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश-सह-चिकित्सीय परिषद द्वारा नए रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने को भी कहा गया।

खास खबर

दूरदर्शन पर कक्षा 6 से 8 तक के शैक्षिक कार्यक्रम प्रारंभ

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 4 जनवरी 2021 से, कक्षा 6 से 8 के शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण, दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम सप्ताह में छः दिवस, सोमवार से शनिवार तक, दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर प्रसारित किए जायेंगे। जिसके तहत कक्षा आठवीं के लिए प्रातः 11 से 11:30 तक, कक्षा 7वीं के लिए 11:30 से 12 बजे एवं कक्षा छठवीं के लिए दोपहर 12 से 12:30 तक वीडियो पाठों का प्रसारण किया जायेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

जल शक्ति मिशन

डेढ़ लाख आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में नल कनेक्शन लगेंगे

घरेलू नल कनेक्शन से मिलेगा गुणवत्तापूर्ण पेयजल

भोपाल, मध्यप्रदेश में एक करोड़ क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) का लक्ष्य तेजी से कार्य कर प्राप्त किया जाये। प्रदेश में 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत शाला एवं आंगनवाड़ी में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जनवरी से मार्च 2021 की अवधि में प्रदेश के डेढ़ लाख आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में नल कनेक्शन लग जायेंगे। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में करीब 75 हजार नल कनेक्शन दिये जायेंगे। इसी तरह करीब 75 हजार शालाओं में भी नल कनेक्शन तीन माह में प्रदान किये जा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आबादी को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से वर्ष 2023 तक 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्ष 2020-21 में 26 लाख घरेलू कनेक्शन देने का लक्ष्य है।

इसी तरह वर्ष 2021-22 में 33 लाख, वर्ष 2022-23 में 28 लाख और वर्ष 2023-24 में 14 लाख कनेक्शन देने का लक्ष्य है। भारत सरकार से प्राप्त राशि और किए गए व्यय के आधार पर मध्यप्रदेश बड़े राज्यों में दूसरे क्रम पर है जहां 378 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण आबादी को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लिये स्वीकृत योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण किया जाये। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 10 योजनाओं से 4347 ग्राम लाभान्वित होंगे। ये योजनाएं गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, सिंगरौली, आगर, देवास, सागर और धार में क्रियान्वित होंगी।

योजनाओं के प्रदाय में विलंब पर होगी कार्रवाई - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में सुशासन के लिए जनता को शासकीय योजनाओं का समय पर लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। यदि उन्हें इनका लाभ मिलने में विलंब होता है तो विलंब के लिए जिम्मेदार शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को ऑनलाइन राशि समय पर अंतरित किए जाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सी.एम. हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत मोबाइल के माध्यम से स्थानीय निवासी एवं जाति प्रमाण-पत्र एक ही दिन में दिए जाने की सुविधा प्रदान करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। सी.एम. हेल्पलाइन में नागरिक अब अपनी शिकायतें वॉट्सएप नंबर 7552555582 पर भी दर्ज करवा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने शिवपुरी जिले के एक प्रकरण में शासकीय योजना की किश्त देने में हितग्राही (श्री दामोदर प्रसाद) को विलंब किए जाने की शिकायत पर तत्कालीन सी.एम.ओ. और लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

श्री चौहान को मंडला जिले के आवेदक श्री देवेन्द्र ने बताया कि उसकी बहन 2018 से लापता है। मुख्यमंत्री ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तुरंत उसे ढूंढने की कार्रवाई करने तथा दोषी पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को दतिया की कुमारी श्रद्धा पिता राधेश्याम ने बताया कि उसे 'गांव की बेटी योजना' के अंतर्गत प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिली है। इस पर श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य के निलंबन की कार्रवाई करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

2 जनवरी

नौसेना को मिला लाइट क्राफ्ट यूटिलिटी पोत

● रक्षा उत्पादन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम गार्डन रिच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना को आठवें और अंतिम लाइट क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) पोत की आपूर्ति की है। जीआरएसई के अध्यक्ष रियल एडमिरल (रिटायर्ड) श्री वी.के. सक्सेना ने बताया कि इससे देश का रक्षा घेरा और तैयारियां मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि इस पोत को रणनीतिक रूप से अहम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास तैनात किया जायेगा। इस पोत को दुर्गम तटीय इलाकों में सैन्य अभियान को अंजाम देने के लिये तैयार किया गया है। इस पोत को 216 सैनिकों के रहने के लिये डिजाइन किया गया है। इस पोत में दो स्वदेशी सीआरएन 91 तोप लगी हैं, जो सैन्य अभियान के दौरान दुश्मन के खिलाफ असरदार होंगी।

● भारतीय सेना ने मानवाधिकार संबंधी मुद्दों से निपटने के लिये नई दिल्ली स्थित

मुख्यालय में पहली बार मानवाधिकार विभाग का गठन किया है। मेजर जनरल गौतम चौहान विभाग के एडिशनल डायरेक्टर जनरल बनाये गये हैं। इस विभाग के गठन की मंजूरी केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष ही दी थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना एक व्यापक सुधार प्रक्रिया को लागू करने की प्रक्रिया में है। इस विभाग के गठन से सेना के कामकाज में अधिक पारदर्शिता आयेगी।

● सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अदन के हवाई अड्डे पर हुये बम धमाके के बाद यमन की राजधानी सना पर कई हवाई हमले किये। सना वर्तमान ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है। गठबंधन सेना के हवाई हमले में लगभग 25 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद यमन में संघर्ष एक बार फिर तेज हो सकता है।

3 जनवरी

खादी इंडिया का आधिकारिक ई-कॉमर्स पोर्टल लॉन्च

● खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने खादी इंडिया का आधिकारिक ई-कॉमर्स पोर्टल ई-खादी इंडिया डॉट कॉम लॉन्च किया है। इस पोर्टल पर खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े 50 हजार से अधिक उत्पाद हैं। पोर्टल के लॉन्च के दौरान एमएसएमई सचिव श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि यह पोर्टल एक ऐसे ईकोसिस्टम को बनाने की दिशा में कदम है, जो एमएसएमई के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के जरिये अब लोग घर बैठे ही खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पाद खरीद सकेंगे।

● अफगानिस्तान की काबुल यूनिवर्सिटी में गोलीबारी की घटना के मास्टर माइंड मुहम्मद आदिल को अफगानिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। आदिल के साथ इस घटना में शामिल पांच अन्य लोगों को भी विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई गई है। अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुये कहा कि यह हमला बेहद जघन्य था। आदिल पर अपहरण और अन्य आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था। उल्लेखनीय है कि नवंबर-2020 को सेना की वर्दी में आये दो हमलावरों ने काबुल यूनिवर्सिटी के अंदर तावड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। इस हमले में 22 लोगों की मृत्यु हो गई थी। मृतकों में 8 छात्र और 10 छात्राएं भी शामिल थीं।

4 जनवरी

संस्कृत के मेधावी छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

● केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने संस्कृत भाषा पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सालाना छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत कक्षा नौवीं से लेकर पी.एचडी. तक के संस्कृत छात्रों को प्रतिवर्ष पांच हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति मिलेगी। इस छात्रवृत्ति के लिये विद्यार्थियों को 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खाते में जमा होगी। यह छात्रवृत्ति वर्ष 2020-21 के लिये होगी, जो पिछली कक्षा की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दी जायेगी। छात्रवृत्ति का भुगतान जुलाई माह में होगा।

● वैश्विक महामारी कोरोना के बाद अब एक नये वायरस 'डिसीज-एक्स' के प्रसार की चेतावनी जारी की गई है। डिसीज-एक्स वायरस कोरोना से ज्यादा घातक और तेजी से फैलने वाला वायरस है। यह बात इबोला वायरस का पता लगाने वाले डॉक्टर जीन जैक्स मुएंव तामफम ने कही है। डॉ. तामफम ने कहा कि डिसीज-एक्स वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या इबोला की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक ज्यादा हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं, जहां नये वायरस बाहर आयेंगे, ये मानवता के लिये खतरा बन सकते हैं।

● नेपाल में राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वहाली की मांग तेज हो गई है। नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी (आरपीपी) ने काठमांडू में राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वहाली के लिये प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। आरपीपी के अध्यक्ष कमल थापा ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि नेपाल में लोकतंत्र की रक्षा और राजनीतिक स्थिरता के लिये राजशाही की वहाली के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

5 जनवरी

अप्रैल में आयोजित की जायेंगी एमपी बोर्ड परीक्षाएं

● मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं अप्रैल माह में आयोजित की जायेंगी। यह फैसला बोर्ड की साधारण सभा में लिया गया। इस बार कक्षा दसवीं और बारहवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा नहीं ली जायेंगी, इसकी जगह विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने का एक और अवसर दिया जायेगा। छात्र अपनी इच्छा के अनुसार दोनों में से किसी एक परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हालांकि दूसरी बार आयोजित होने वाली परीक्षा के लिये उन्हें अलग से आवेदन करना होगा। बैठक में तय किया गया कि जिन विषयों में विद्यार्थी फेल होंगे, अंकसूची में उन विषयों के सामने सप्लीमेंट्री नहीं लिखा जायेगा।

● अमेरिका द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने फिर अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये यूरेनियम संवर्धन शुरू कर दिया है। ईरान ने यूरेनियम के 20 प्रतिशत संवर्धन का कार्य प्रारंभ किया है, ऐसे में ईरान और अमेरिका का टकराव बढ़ सकता है। ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन दोबारा शुरू करने से ईरान और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच वर्ष 2016 में हुआ परमाणु समझौता भंग हो जायेगा। इस समझौते के तहत ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाई गई थी।

● अफगानिस्तान सरकार और आतंकी संगठन तालिबान के बीच शांति वार्ता सफल होती नजर आ रही है। तालिबान ने घोषणा की है कि वह अफगान सरकार के साथ एक-दूसरे पर हमला न करने का समझौता करने के लिये तैयार है। तालिबान के प्रवक्ता जबीबुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अमेरिका के साथ उनके शांति समझौते की तरह अफगानिस्तान सरकार के साथ भी समझौता किया जा सकता है। मुजाहिद ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विश्वास कायम हुआ है। उल्लेखनीय है कि तालिबान का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के बीच शांति वार्ता का दूसरा दौर कतर की राजधानी दोहा में चल रहा है।

6 जनवरी

आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिये बनाया फंड

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने देश के टियर-3 से लेकर टियर-6 तक के क्षेत्रों में

डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिये पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड बनाया है। यह फंड 345 करोड़ रुपये का होगा, जिसमें 250 करोड़ रुपये आरबीआई देगा, वहीं 95 करोड़ रुपये कार्ड जारी करने वाले बैंक और कार्ड नेटवर्क देंगे। आरबीआई ने बताया कि इस फंड के तहत प्रत्येक वर्ष 30 लाख नये टच पाइंट बनाये जायेंगे। इस फंड से उत्तर-पूर्वी राज्यों पर विशेष फोकस के साथ पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने में सब्सिडी दी जायेगी।

● बोलिविया में तूफान की वजह से आई बाढ़ ने तबाही मचाई। बोलिविया के सूक्रे शहर में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इस बाढ़ में फंसने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। बाढ़ के कारण तीन बच्चे सहित छह लोग लापता हैं, जबकि सात लोग घायल हुये हैं। बाढ़ के कहर को देखते हुये सूक्रे शहर में आपात स्थिति घोषित कर राहत और बचाव कार्य जारी हैं।

7 जनवरी

क्लैट-2021 परीक्षा अब 13 जून को होगी आयोजित

● नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के एलएलबी और एलएलएम कोर्स में प्रवेश के लिये होने वाला कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट-2021) अब 13 जून को आयोजित होगा।



इससे पहले यह टेस्ट 9 मई को आयोजित होना प्रस्तावित था। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के क्लैट कंसोर्टियम ने यह जानकारी दी है। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा की वजह से क्लैट-2021 परीक्षा की तारीख बदली गई है। कंसोर्टियम ने जानकारी दी कि क्लैट-2021 परीक्षा की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एक जनवरी से शुरू हो गई है, जो 31 मार्च तक चलेगी। क्लैट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का उपयोग कर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

● भारतीय कामगारों के लिये जापान में कई क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर मिलने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार और जापान सरकार के बीच सहभागिता से जुड़े एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की मंजूरी प्रदान की है। इस मंजूरी के बाद दोनों देश आपस में कुशल कामगारों को अपने देशों में मौका देने के लिये मूलभूत ढांचा तैयार करेंगे। हालांकि जापान में काम करने के लिये जापानी भाषा का ज्ञान होना जरूरी होगा। समझौते के अनुसार जापान में 14 विशेष क्षेत्रों में कुशल भारतीयों को काम करने का अवसर मिलेगा।

● चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों को पार्टी के अंदर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं होगी। चीन के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार चीन में कम्युनिस्ट पार्टी की नियम पुस्तिका में संशोधन किये गये हैं। इन संशोधनों के अनुसार कम्युनिस्ट पार्टी में अब कोई भी नेता अपने से बड़े नेता के खिलाफ कुछ नहीं बोल सकेगा। अगर कोई शिकायत है तो उसे बिना सार्वजनिक किये पार्टी को बताना होगा।

8 जनवरी

तीन जुलाई को आयोजित होगी जेईई एडवांस परीक्षा

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) सहित देश के चुनिंदा शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली परीक्षा जेईई एडवांस की तारीखों की घोषणा हो गई है। यह परीक्षा तीन जुलाई को आयोजित की जायेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि जेईई एडवांस कम्प्यूटर आधारित परीक्षा होगी।

इस वर्ष जेईई एडवांस परीक्षा का आयोजन आईआईटी खड़गपुर द्वारा किया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष आईआईटी में प्रवेश के लिये कक्षा बारहवीं में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंकों की पात्रता शर्त में भी छूट दी गई है। अब आईआईटी में प्रवेश के लिये बारहवीं कक्षा में अंकों का कोई बंधन नहीं होगा। इसकी जगह उन्हें सिर्फ गणित, भौतिकी और रसायन शास्त्र में उत्तीर्ण होना जरूरी होगा।

● लद्दाख में सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों पर कुल 144 मेगावॉट की आठ जल विद्युत परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लद्दाख में सिंधु नदी पर ऐसी कई परियोजनाएं हैं, जिनकी कुल क्षमता 113 मेगावॉट है। नई परियोजनाओं को केंद्रीय जल आयोग और सिंधु आयुक्त द्वारा मंजूरी दी गई है। ये परियोजनाएं लद्दाख के कारगिल और लेह जिलों में स्थापित की जायेंगी।

● चीन में कोरोना महामारी एक बार फिर पैर पसारने लगी है। चीन के हेबेई प्रांत में सबसे ज्यादा नये मामले मिले हैं। कोरोना संक्रमण को बढ़ता देख हेबेई प्रांत में लॉकडाउन कर दिया गया है। चीन के गोंगडोंग प्रांत में दक्षिण अफ्रीका के कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन मिला है। वहीं शिनजियांग प्रांत में बड़े पैमाने पर टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। कोरोना महामारी के नये केस सामने आने के बाद जापान की राजधानी टोक्यो में इमरजेंसी घोषित की गई है। यह इमरजेंसी 7 फरवरी तक जारी रहेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

New Batch Started
DEFENCE EXAM
NDA / CDS / SSB / SSR
Airman Group X and Group Y
Demo Classes Started
Written Classes
Physical Training
Interview
Regular Weekly Test
कौटिल्य एकेडमी
भंवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
Ph.: 0731-4226615,9111888309
R-45008/2021

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
आरक्षक
(कॉन्सटेबल)
पटवारी
भर्ती परीक्षा 2021
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9110119119
0731-4226615
R-45009/2021

PEB प्रवेश परीक्षा
नर्सिंग / PNST
New Batch Start 1 Month Course.
Physics - Ritesh Sir
Chemistry - Tapan Sir
Biology - Megha Mam
English - Arun Sir
फीस मात्र 6000/-
प्रतिदिन 7 घंटे क्लास
बालाजी ट्यूटोरियल्स
ठाकुर भवन, भंवरकुआ चौराहा, इंदौर
98930-53653
R-45010/2021

वर्ष 38, अंक 02 11.01.2021 से 17.01.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री की

संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

हर जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में नियोजन तथा स्व-रोज़गार के माध्यम से रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर सृजित किये जायें। प्रदेश में हर माह लगभग 1 लाख रोज़गार सृजित किये जायें। प्रत्येक जिले में हर माह रोज़गार मेले आयोजित कर रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाये जायें। ग्रामों के समग्र विकास के लिये नगरों की तरह ग्रामों का भी मास्टर प्लान बनाया जाये। इसके अंतर्गत गांवों में अधोसंरचना विकास, स्थायी परिसम्पत्तियों के निर्माण तथा हितग्राहीमूलक कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराये जायें। इनमें मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और खेत सड़क योजना आदि का आधिकाधिक उपयोग किया जाये। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। श्री चौहान भोपाल स्थित मंत्रालय में संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों द्वारा सिबिल स्कोर के आधार पर पीएम स्वनिधि योजना में ऋण वितरण रोके जाना घोर आपत्तिजनक है। मैं इस पर बैंकों के प्रति अप्रसन्नता प्रकट करता हूं। इस संबंध में प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री को पत्र लिखकर निवेदन किया जायेगा। यह केंद्र द्वारा गरीबों के लिये बनायी गई योजना है। इसमें बैंकों द्वारा ऋण नहीं दिया जाना गरीबों के साथ अन्याय है। पथ विक्रेता उत्थान योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में सीहोर जिला प्रदेश में अव्वल पाया गया। यहां कुल 2922 प्रकरणों में ऋण वितरण हुआ है। इसके बाद राजगढ़, डिण्डौरी, शहडोल एवं रायसेन की प्रगति है। अंतिम 5 जिले श्योपुर, धार, झाबुआ, निवाड़ी एवं उमरिया हैं। मुख्यमंत्री ने इन सभी को योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पथ विक्रेता योजना प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, सभी कलेक्टर एवं नगरपालिका अधिकारी बैंकों से समन्वय कर ऋण वितरण करवायें। मैं 15 दिन बाद कार्य का रीव्यू करूंगा। मुझे परिणाम चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 78 लाख किसान परिवारों को सहायता दी जानी है। इनमें से 91 प्रतिशत किसानों का सत्यापन हो गया है। शेष का शीघ्र कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी गरीबों को उचित मूल्य राशन के लिये नवीन पात्रता पर्चियां दी गई हैं। इन सभी को राशन का वितरण सुनिश्चित किया जाये। अभी 83 प्रतिशत को राशन वितरण हुआ है, शेष 17 प्रतिशत को भी शीघ्र राशन वितरित कराएं। कम प्रगति वाले जिले हरदा, बैतूल, पन्ना, शहडोल एवं मुरैना पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर महीने प्रदेश की सभी 25,271 उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव मनाया जायेगा। इनमें से हाट-बाजारों की दुकानों पर अन्न उत्सव हाट के दिन होगा। इस दिन सभी गरीबों को उचित मूल्य राशन का प्रदाय किया जायेगा। साथ ही दुकानों के स्टॉक का सत्यापन भी किया जायेगा। अन्न उत्सव में जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में इन्दौर को नंबर-1 रहने के लिये बधाई दी। साथ ही खरगोन, उज्जैन, भोपाल, बुरहानपुर, शाहगंज, बदनावर, ओंकारेश्वर और कांटाफोड़ आदि नगरीय निकायों को भी स्वच्छता में उपलब्धि के लिये बधाई दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मध्यप्रदेश को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना है। स्वच्छता के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-शालाओं को स्वावलंबी बनाया जाये। इसके लिये छोटी-छोटी गौ-शालाओं को जोड़कर बड़ी गौ-शाला बनायी जायें। गौ-काष्ट और गौ-मूत्र के उचित प्रयोग से गौ-शाला को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। गोबर से सीएनजी बनाना और उसे पेट्रोल पंप के माध्यम से बेचने का प्रयोग उत्तरप्रदेश में सफलतापूर्वक हो रहा है। गोवर्धन योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में इस प्रकार के प्रयास होने चाहिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रदेश में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में हर माह एक दिन रोज़गार मेले का आयोजन किया जाये, जिसमें छोटे जिलों में 1.5 से दो हजार तथा बड़े जिलों में 3 से 5 हजार रोज़गार के अवसर सृजित करने के प्रयास किये जायें। 'रोज़गार सेतु' पोर्टल का इसके लिये प्रभावी उपयोग किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि स्व-रोज़गार योजनाओं को रीडिजाइन किया जाये, जिससे इन्हें अधिक उपयोगी बनाया जा सके तथा इनका लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों को मिल सके। मुख्यमंत्री समय-समय पर फील्ड में पदस्थ शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात करते हैं। इसके जरिये मुख्यमंत्री फील्ड में अधिकारियों को आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हैं और उनके निराकरण के उपाय भी बताते हैं। फील्ड के अधिकारियों से इस तरह संवाद स्थापित करने से शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बेहतर फीडबैक प्राप्त किया जाता है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

कार्बन चक्र - जीवमंडल में कार्बन तथा उसके यौगिकों का जटिल मिश्रण, निर्माण, रूपांतरण तथा नियोजन की हर स्थिति में विद्यमान है। व्यवहारिक रूप से सभी जैव पदार्थ प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में उत्पन्न होते हैं। पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड और जल को कार्बोहाइड्रेट में बदलने के लिये सूर्य की विकिरण ऊर्जा का उपयोग करते हैं और इस प्रक्रिया में वायु से कार्बन डाई ऑक्साइड खींचते हैं और जल को विभक्त करके हाइड्रोजन पाते हैं। जबकि पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान कार्बन डाई ऑक्साइड का अवशोषण करते हैं, वहीं सभी जीवित प्राणी सांस छोड़कर कार्बन डाई ऑक्साइड का विमोचन करते हैं और मृत पदार्थ के अपघटन में बैक्टीरिया भी यही काम करते हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

भारतीय सेना दिवस | **15 जनवरी**

देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिये महत्वपूर्ण हैं सशस्त्र सेनाएं

किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता और संप्रभुता तभी अक्षुण्ण रह सकती है, जब देश को विदेशी आक्रमण और घरेलू सशस्त्र संघर्षों से निपटने के लिये उस राष्ट्र में मुकम्मल सशस्त्र सेना हो। भारत को भी जब 15 अगस्त 1947 में उपनिवेशी शासन से स्वतंत्रता मिली थी उस समय देश में विभाजन के कारण कई स्थानों पर दंगे भड़क गये थे। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के भारत आने से उथल-पुथल और अस्त-व्यस्तता का माहौल था और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति इतनी बेकाबू हो गई थी कि सेना की सहायता के बिना इस विकट स्थिति से निपटना सम्भव ही नहीं था। घरेलू अशांति और हिंसा से निपटने में आजादी के बाद सेना के उपयोग का यह संभवतः पहला अवसर था। उसी समय कश्मीर में भी बाह्य आक्रमण के कारण सेना को मोर्चे पर जाना पड़ा था। देश में विभाजन के कारण उत्पन्न इन्हीं विषम परिस्थितियों में तत्कालीन सेना ने देशवासियों की सुरक्षा और बाह्य आक्रमण करने वाले घुसपैठियों को मार गिराने में अपनी अहम् भूमिका निभाई। इस दौरान भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का विलक्षण प्रदर्शन किया था।

फील्ड मार्शल करियप्पा की पदभार तिथि को मनाया जाता है भारतीय सेना दिवस

भारतीय सेना दिवस, भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उस समय करियप्पा सेना के कमाण्डर जनरल थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल फ्रांसिस बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों तथा अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है, जिन्होंने कभी न कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया। भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली छावनी के करियप्पा परेड ग्राउंड में परेड निकाली जाती है, जिसकी सलामी थल सेनाध्यक्ष लेते हैं। वर्ष 2018 में सत्तरवां सेना दिवस मनाया गया था, जिसमें परेड की सलामी जनरल बिपिन रावत ने ली थी। फील्ड मार्शल देश का सर्वोच्च पांच सितारा सैन्य सम्मान है और जनरल करियप्पा यह सम्मान पाने वाले दूसरे सेनाध्यक्ष थे। वर्ष 1973 में जनरल मानेक शॉ को और वर्ष 1986 में जनरल करियप्पा को यह सम्मान प्रदान किया गया था।

भारतीय सशस्त्र बल में प्रमुख है भारतीय थल सेना

भूमि पर सैन्य अभियानों का संचालन का जिम्मा भारतीय थल सेना का है और भारतीय थल सेना भारतीय सशस्त्र बल का सबसे बड़ा और सबसे प्रमुख अंग है। भारतीय राष्ट्रपति तीनों सेनाओं के प्रमुख होते हैं। भारतीय सेना की कमान भारतीय थल सेनाध्यक्ष के हाथों में होती है, जो कि चार-सितारा जनरल स्तर के अधिकारी होते हैं। पांच-सितारा रैंक के साथ फील्ड मार्शल की रैंक भारतीय सेना में श्रेष्ठतम सम्मान की औपचारिक स्थिति है। ब्रिटिश भारतीय सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा किया गया जो बाद में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के रूप में परिवर्तित हुई थी। आजादी के



बाद यह सेना भारतीय राष्ट्रीय सेना के रूप में परिणित हुई। भारतीय सेना की टुकड़ी और रेजिमेंट का शौर्यपूर्ण इतिहास रहा है और कई वैश्विक लड़ाईयों और सैन्य अभियानों में भारतीय सेना ने हिस्सा लिया और आजादी से पहले और बाद में बड़ी संख्या में युद्ध सम्मान अर्जित किये। मौजूदा भारतीय सेना, आजादी के पूर्व भी विभिन्न नामों से रही है। 1 अप्रैल 1895 को देश की पहली व्यवस्थित सेना की स्थापना हुई थी।

संकट के हर क्षण में जनता की हमकदम रहती है भारतीय सेना

भारतीय सेना का प्राथमिक उद्देश्य तो राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद की एकता सुनिश्चित करना, राष्ट्र को बाहरी आक्रमण और आंतरिक खतरों से बचाना और अपनी सीमाओं पर शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह प्राकृतिक आपदाओं और अन्य गड़बड़ियों के संकेत के दौरान मानव जीवन का बचाव करना और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बनाये रखने में जरूरत पड़ने पर सहायता करती है। भारतीय

- **फील्ड मार्शल देश का सर्वोच्च पांच सितारा सैन्य सम्मान है।**
- **जनरल मानेक शॉ और जनरल करियप्पा को यह सम्मान प्रदान किया गया।**
- **करियप्पा भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ थे।**
- **इन्होंने 15 जनवरी 1949 में फ्रांसिस बुचर से प्रभार लिया था।**
- **भारतीय सेना का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।**

थलसेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के साथ राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख अंग है। देश की सुरक्षा के साथ सेना कई अभियानों को भी अंजाम दे चुकी है। इनमें ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस और ऑपरेशन पराक्रम शामिल हैं। संघर्षों के अलावा, सेना ने शांति के समय कई बड़े अभियानों का संचालन किया है। सेना कई देशों में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में एक सक्रिय प्रतिभागी भी रही है, जिनमें साइप्रस, लेबनान, कांगो, अंगोला, कंबोडिया, वियतनाम आदि सम्मलित हैं। विकट परिस्थितियों में भी सौंपे गये सैन्य लक्ष्यों को न्यूनतम मानवीय एवं सैन्य संसाधनों की क्षति के साथ सैन्य कर्तव्यों के निर्वाह में भारतीय सेना की पारंगतता की भी वैश्विक ख्याति रही है।

भारतीय सेना ने सैनिकों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम की शुरुआत भी की है, जिसे 'फ्यूचरिस्टिक इन्फैंट्री सैनिक प्रणाली' के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही भारतीय सेना अपने बख्तरबंद, तोपखाने और उड्डयन शाखाओं के लिए नए संसाधनों का संग्रह एवं उनमें सुधार का काम भी कर रही है। वर्ष 1947 में आजादी मिलने के बाद ब्रिटिश भारतीय सेना को नये बने राष्ट्र भारत और पाकिस्तान की सेवा करने के लिये दो भागों में बाँट दिया गया था। भारतीय सेना ब्रिटिश भारतीय सेना से व्युत्पन्न हुई है अतः इसकी संरचना, वर्दी और परंपराओं को अनिवार्य रूप से विरासत में ब्रिटिश से लिया गया था मगर समय के साथ भारतीय सेना की अलहदा पहचान बनी और स्वरूप और संरचना में भी व्यापक परिवर्तन हुए।

कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये सेना ने आरम्भ किया ऑपरेशन नमस्ते

कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेना ने भी 'ऑपरेशन नमस्ते' आरम्भ (लॉन्च) किया है। आर्मी चीफ एम.एम. नरवणे मानते हैं कि महामारी के खिलाफ लड़ने के लिए सेना की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह सरकार की मदद करे। नरवणे ने लाइन ऑफ कंट्रोल या लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तैनात सैनिकों से अपने करीबी और प्रिय जन के बारे में चिंता न करने और छुट्टियों को रद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के हालात ऑपरेशन पराक्रम के दौरान भी देखे गए थे, लेकिन तब भी सफलता ही मिली थी। ऑपरेशन नमस्ते को भी इतिहास में एक सफल अभियान के रूप में देखा जायेगा। हमने कमांड वार हेल्पलाइन की स्थापना की है, जिससे कोई भी मदद लेने के लिए संपर्क कर सकता है। सेना ने देशभर में कई क्वारेंटाइन केंद्र बनाये हैं। इसके अलावा, अगर कोई समस्या सामने आती है तो परिवार नजदीकी आर्मी कैंप में भी जा सकते हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि उन्हें पता था कि छुट्टी को रद करने से सैनिकों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन ऑपरेशन पराक्रम के दौरान सेना के जवानों ने आठ से दस महीने तक छुट्टियां नहीं ली थीं। देश की रक्षा के लिए जरूरी है कि सेना अपने आप को फिट और सुरक्षित रखे। इसको ध्यान में रखते हुए हमने दो-तीन एडवाइजरी जारी की हैं जिन्हें जरूर फॉलो करना है। भारतीय सेना ने इसे ही ऑपरेशन नमस्ते नाम दिया है। उन्होंने अपने सैनिकों को भरोसा दिलाया कि वह अपने करीबियों की चिंता न करें क्योंकि सेना उनका ख्याल रख रही है। आर्मी चीफ ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि हम अपने ऑपरेशन नमस्ते में सफल होंगे।

सेना की सर्वोच्च प्राथमिकता है सुरक्षा

कोरोना संक्रमण के कारण जब देश में लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियां ठप्प हुईं तो उसके प्रभाव से भारतीय सेना भी अछूती नहीं रह पाई, लेकिन इसकी तैयारियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भारतीय सेनाध्यक्ष ने बताया कि युद्ध संबंधी आवश्यकताएं सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं। कोरोना के कारण हमारी तैयारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और हम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीमा पर हमने एकीकृत युद्ध समूह तैनात किये और तैयारियों को जारी रखने और प्रभावी ढंग से उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए रक्षा बल का संरक्षण सुनिश्चित किया। सेनाध्यक्ष ने युद्ध तत्परता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सभी को लगातार प्रोत्साहित किया।

भारतीय सेना ने अपनी कोल्ड स्टार्क युद्ध नीति में बदलाव करते हुए एकीकृत युद्ध समूह (इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप) तैयार करने का फैसला किया है। इसके तहत बड़ी सैन्य टुकड़ियों के स्थान पर छोटी टुकड़ियों को बेहतर हथियार उपलब्ध करवाकर उनकी मारक क्षमता को बढ़ाया जाएगा।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
31/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 02.01.2021	2021_ PHED_ 121844_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के ग्राम दतनी, जमुनिया, गुंदरई एवं पलारी में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 01	75.65	75,650/-	10,000/-	19.01.2021	**19.01.2021**	180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
31/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 02.01.2021	2021_ PHED_ 121845_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम खुर्सीपारदीप, माल्हनवाड़ा, सालीवाड़ा एवं खुर्सीपार माल में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 02	60.61	60,610/-	10,000/-	19.01.2021	19.01.2021	180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
31/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 02.01.2021	2021_ PHED_ 121846_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम केवलारीखेड़ा, मोहगांव माल, बक्सी एवं गोपेवानी में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 03	39.14	50,000/-	5,000/-	19.01.2021	19.01.2021	180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
31/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 02.01.2021	2021_ PHED_ 121847_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम मुनगापार, सिरौली, बगलई एवं चोरपिपरिया में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 04	59.19	59,190/-	10,000/-	19.01.2021	19.01.2021	180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार

जी-17471/44975/2021 कार्यपालन यंत्री

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड खुरई, जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, Email - eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खुरई जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओव्हरहेड टैंक, पाइप लाइन, घरेलु कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन एवं अन्य सहायक कार्यों हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स.क्र. एवं ग्राम का नाम :- 1. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Dhakrai (2) Gehuras Bujurg (3) Karhad (4) Mahuwakheda Pengwar (5) Jera in Block Jaisinagar.

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
233/ 02.01.21	2021_PHED_ 121824_1	जैसीनगर	229.57	229570/-	15000/-	09 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली

2. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Ata Teela (2) Koluwa Amras (3) Pitholi in Block Malthone.

234/ 02.01.21	2021_PHED_ 121825_1	मालथौन	220.15	220150/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

3. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Bamnora (2) Haduwa (3) Geedha (4) Amari Ramgada (5) Mandri (6) Besra (7) Ujneth (8) Laloi in Block Malthone.

235/ 02.01.21	2021_PHED_ 121827_1	मालथौन	388.96	388960/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

4. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Majhera (2) Nardha (3) Satnai (4) Kariya Gujar in Block Khurai.

236/ 02.01.21	2021_PHED_ 121828_1	खुरई	213.46	213460/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

5. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Ronda (2) Semra Lodhi (3) Sagoni in Block Malthone.

237/ 02.01.21	2021_PHED_ 121830_1	मालथौन	256.47	256470/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

6. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Beerpura Khurd (2) Amoda (3) Jamunia Ghoshi (4) Sahajpuri Khurd (5) Berkhedi Madia Block Jaisingar.

238/ 02.01.21	2021_PHED_ 121831_1	जैसीनगर	117.19	117190/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	– तदैव –

7. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Meerkhedi (2) Chandrapur (3) Umariya Semra in Block Rahatgarh.

239/ 02.01.21	2021_PHED_ 121832_1	राहतगढ़	131.42	131420/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

8. Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Bildhari Bujurg (2) Dhamna (3) Godna in Block Bina.

240/ 02.01.21	2021_PHED_ 121833_1	बीना	103.70	103700/-	15000/-	– तदैव –	– तदैव –

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 15.01.2021 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 15.01.2021 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 18.01.2021

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑफलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री
जी-17458/44973/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 4224/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह दिनांक 31.12.2020

निविदा सूचना क्रमांक - 163, 164, 165, 166, 167/2020-21
दिनांक 31.12.2020 प्रकाशन बाबत।
(प्रथम आमंत्रण)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत आंगनवाड़ियों में पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर, लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनुमानित लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020-21_ PHED_116859	163/20-21	दमोह	30	41.11	82000	5000/-	3 माह
2.	2020-21_ PHED_116861	164/20-21	पथरिया	54	74.36	75000	10000/-	3 माह
3.	2020-21_ PHED_116862	165/20-21	हटा	38	54.70	55000	10000/-	3 माह
4.	2020-21_ PHED_116864	166/20-21	पटेरा	54	78.00	78000	10000/-	3 माह
5.	2020-21_ PHED_116865	167/20-21	बटियागढ़	35	50.29	51000	10000/-	3 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक **13.01.2021** तक कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 14.01.2021 को 17.30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 16.01.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 16.01.2021 अपरान्ह 13.30 बजे खोली जावेगी। दस्तावेज कार्यालय में 15.01.2021 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है। निविदा की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत ही कार्यादेश किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-17450/44971/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल धार, मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्र. 07292-222203, Email id : districtjaildhar@yahoo.co.in

क्रमांक 1796/स्थापना/2020 धार, दिनांक 16.12.2020

शुद्धि-पत्र

जिला जेल धार में संचालित आई.टी.आई. के शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु 11 माह के लिए सुपरवाईजर, कारपेंटर, वायरमेन, ट्रेक्टर मैकेनिक, इंजीनियरिंग ड्राईंग/गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषयों के अतिथि व्याख्याता के पदों की भर्ती हेतु कार्यालय के पत्र क्रमांक 1686/स्थापना/2020 धार दिनांक 18.11.2020 द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक 1620/आर-421/2019/बयालीस-2 भोपाल दिनांक 16.07.2019 तथा कार्यालय संयुक्त संचालक कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल का पत्र क्रमांक क्षेका/संसं/कौवि/भो/स्था./सामा/20/1732 भोपाल दिनांक 06.11.2020 एवं जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्रमांक 15246/सामान्य-स्थापना/2020 भोपाल दिनांक 25.11.2020 के पालन में वर्तमान में कार्यरत सुपरवाईजर, कारपेंटर, वायरमैन, ट्रेक्टर मैकेनिक एवं सामाजिक अध्ययन के प्रवक्ताओं को आगामी 11 माह हेतु पुनः नियुक्त किया जाता है।

अतः आई.टी.आई. के शैक्षणिक 2020-21 हेतु पूर्व से रिक्त इंजीनियरिंग, ड्राईंग/गणित विषय के लिए ही मेहमान प्रवक्ता पद पर भर्ती की जावेगी। शेष अन्य पदों के मेहमान प्रवक्ताओं के लिए दिनांक 18.11.2020 को जारी किया गया विज्ञापन निरस्त किया जाता है। केवल इंजीनियरिंग, ड्राईंग/गणित विषय के मेहमान प्रवक्ता पद के लिए ही इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करें। अन्य पदों के लिए किए गए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जेल अधीक्षक
जी-17492/44976/2021 जिला जेल, धार (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

पता : खिलचीपुर रोड पुराने पेट्रोल पम्प के पास राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
दूरभाष क्रमांक : 07372-255070, ई-मेल आई.डी. : eephedraj@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 81 व 82/2020-21/एस.ए.सी./का.यं./लो.स्वा.यां.वि. राजगढ़, दिनांक : **31.12.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आमंत्रित की गई है। राजगढ़ जिले के विकासखण्ड जीरापुर के 300 एवं विकासखण्ड सारंगपुर के 338 स्कूल आंगनवाड़ी में नल कनेकशन की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्र./दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत रु.	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	रिमार्क
81/20-21 दिनांक 31.12.20	2020_PHED_121403	जीरापुर	विकासखण्ड जीरापुर के 300 के स्कूल एवं आंगनवाड़ी में नल कनेक्शन का कार्य।	407.03	407030/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
82/20-21 दिनांक 31.12.20	2020_PHED_121422	सारंगपुर	विकासखण्ड सारंगपुर के 338 स्कूल एवं आंगनवाड़ी में नल कनेक्शन का कार्य।	458.58	458580/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि : 18.01.2021**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि : 20.01.2021

कार्यपालन यंत्री
जी-17334/44960/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल : eephedsid@nic.in, फोन नम्बर : 07822-252296

निविदा सूचना क्रमांक 13/नि.प्र./व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां.वि./20-21 सीधी, दिनांक : **31.12.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा का ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 15.01.2021 सायं 05:30 बजे** तथा निविदा खुलने की तिथि 18.01.2021 को 11:00 बजे से 5:30 शाम तक है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

Name of work :- Drinking Water arrangement In School And Anganwadi, in various Village of Including Installation of Submersible pump in the existing tubewell, Installation of readymade pump house Providing Laying jointing and testing of blue MDPE pipes, installation of polyethylene water tank, fixing Censor, wash basine, providing tap connection complete work including cost of material and labours.

S. No.	Tender ID	Block	PAC (Rs. in Lakh)	E-EMD in Rs.	Cost of Tender	No. of Calls
1.	PHED/EE/121339_1	मझौली कम्बाइंड	43.08	50000/-	5000/-	1st call
2.	PHED/EE/121341_1	रामपुर नैकिन कम्बाइंड	34.20	50000/-	5000/-	1st call
3.	PHED/EE/121342_1	सीधी कम्बाइंड	34.20	50000/-	5000/-	1st call
4.	PHED/EE/121399_1	सिहावल कम्बाइंड	68.41	68406/-	10000/-	1st call
5.	PHED/EE/121400_1	कुसमी	56.55	56550/-	10000/-	1st call
6.	PHED/EE/121402_1	मझौली	169.64	169640/-	12500/-	1st call
7.	PHED/EE/121404_1	सीधी	113.09	113090/-	12500/-	1st call
8.	PHED/EE/121405_1	सिहावल	169.64	169640/-	12500/-	1st call
9.	PHED/EE/121407_1	रामपुर नैकिन	169.64	169640/-	12500/-	1st call

कार्यपालन यंत्री
जी-17342/44964/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मैकेनिकल खण्ड

लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल पिनकोड : 462043
Phone No. : 0755-2930001, E-Mail ID : emphbpl@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :- बैतूल जिले में आमला विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य।

सिस्टम जनरेट आई.डी. क्र.	जिला	ग्रामों की संख्या	निविदा प्रपत्र की राशि रु.	ठेके की अनुमानित राशि रु.	अमानत राशि रुपये	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
2021_PHED_122302_1	बैतूल	10	12500/-	10676000/-	106760/-	19.01.2021	(1) 05 माह (2) लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। (3) प्रथम आमंत्रण

कार्य का नाम :- होशंगाबाद जिले में पिपरिया एवं बाबई विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य।

2021_PHED_122303_1	होशंगाबाद	14	12500/-	15139000/-	151390/-	19.01.2021	(1) 05 माह (2) लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। (3) प्रथम आमंत्रण

कार्य का नाम :- रायसेन जिले में सिलवानी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य।

2021_PHED_122310_1	रायसेन	20	15000/-	23046000/-	230460/-	19.01.2021	(1) 05 माह (2) लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। (3) प्रथम आमंत्रण

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-17493/44977/2021 लो.स्वा.यां.मैके. खण्ड भोपाल

संचालनालय आयुष, म.प्र.

(भू-तल "डी" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004)
www.ayush.mp.gov.in, E-mail : jdayush@mp.gov.in
Office : (0755) 2552931, Fax : (0755) 2760225

विज्ञप्ति
बीएएमएस/बीएचएमएस/बीयूएमएस/बीएनवायएस
ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम - 'ऑल इंडिया कोटा'

आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में आयुष मंत्रालय भारत सरकार व प्रदेश शासन से प्रवेशानुमति प्राप्त निजी आयुष महाविद्यालयों की 15 प्रतिशत सीटों की पूर्ति ऑल इंडिया कोटे की आउंसिलिंग के माध्यम से एम.पी. ऑनलाइन द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी।

ऑल इंडिया कोटे की प्रवेश काउंसिलिंग अंतर्गत पंजीयन, मैरिट प्रकाशन एवं प्रथम चरण का काउंसिलिंग कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

1. मैरिट निर्धारण प्रक्रिया :-

क्रमांक	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	पंजीयन	दिनांक 06.01.2021 से **11.01.02021 रात्रि 11:59 बजे तक**
2.	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 12.01.2021

2. प्रथम चरण का काउंसिलिंग कार्यक्रम :-

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	रिक्त सीटों की स्थिति	दिनांक 12.01.2021
2.	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग)	दिनांक 13.01.2021 से 17.01.2021 रात्रि 11:59 बजे तक
3.	सीट आवंटन	दिनांक 21.01.2021
4.	महाविद्यालय में औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 22.01.2021 से 25.01.2021 सायं 05 बजे तक

नोट :- 1. अभ्यर्थी प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
2. उक्त ऑनलाइन काउंसिलिंग में आयुष मंत्रालय भारत सरकार से अनुमति प्राप्त शासकीय (स्वशासी)/निजी आयुष महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा। आयुष मंत्रालय भारत सरकार में मान्यता हेतु लंबित आयुष महाविद्यालयों को आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर प्रवेश नियम के नियम-12 अनुसार सम्मिलित किया जावेगा।
3. ऑल इंडिया कोटे की आउंसिलिंग संबंधी दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट **www.ayush.mp.gov.in** एवं एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

आयुक्त
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 31 दिसम्बर 2020 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :- **कार्य का नाम** - छिन्दवाड़ा जिले के खंड छिंदवाड़ा अधीन विकासखण्ड चौरई एवं विछुआ के ग्रामों की शालाओं एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत भू-स्तरीय टंकी निर्माण 1000 लीटर क्षमता, एचडीपीई टंकी, सिंगलफेस पंप स्थापना कर, नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य।

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	विकास-खंड	शालाएं एवं आंगन-वाड़ी संख्या	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
2020_PHED_121248_1	91/30.12.20	चौरई	33 शाला	57.23	57230/-	10000/-	**13.01.2021, 5.30 P.M.**	15.01.2021, 1.00 P.M.	नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर "स" एवं उससे ऊपर	90 दिन
2020_PHED_121220_1	94/30.12.20	विछुआ	45 शाला आंगनवाड़ी	78.04	78040/-	10000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121223_1	95/30.12.20	चौरई एवं विछुआ	45 शाला	59.93	59930/-	10000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121226_1	96/30.12.20	चौरई एवं विछुआ	19 शाला	25.67	50000/-	5000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121231_1	97/30.12.20	चौरई एवं विछुआ	31 शाला	46.43	50000/-	5000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121235_1	98/30.12.20	चौरई एवं विछुआ	23 शाला	42.46	50000/-	5000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121240_1	99/30.12.20	विछुआ	24 शाला आंगनवाड़ी	44.30	50000/-	5000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2020_PHED_121245_1	100/30.12.20	विछुआ	31 शाला आंगनवाड़ी	65.97	65970/-	10000/-	13.01.2021, 5.30 P.M.	15.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविड कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेवसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

जी-17503/44980/2021 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, छिंदवाड़ा म.प्र.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 06.01.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 07 जनवरी 2021 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :- **कार्य का नाम** - छिन्दवाड़ा जिले के खंड छिंदवाड़ा अधीन विकासखण्ड छिंदवाड़ा एवं मोहखेड़ के ग्रामों की शालाओं एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत भू-स्तरीय टंकी निर्माण 1000 लीटर क्षमता, एचडीपीई टंकी, सिंगलफेस पंप स्थापना कर, नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य।

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	विकास-खंड	शालाएं एवं आंगन-वाड़ी संख्या	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
2021_PHED_122373_1	112/06.01.21	छिंदवाड़ा	38 शाला आंगनवाड़ी	50.61	50610/-	10000/-	**21.01.2021, 5.30 P.M.**	23.01.2021, 1.00 P.M.	नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर "स" एवं उससे ऊपर	90 दिन
2021_PHED_122374_1	113/06.01.21	मोहखेड़	56 शाला आंगनवाड़ी	74.58	74580/-	10000/-	21.01.2021, 5.30 P.M.	23.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2021_PHED_122376_1	114/06.01.21	मोहखेड़	24 शाला आंगनवाड़ी	32.43	32430/-	5000/-	21.01.2021, 5.30 P.M.	23.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2021_PHED_122377_1	115/06.01.21	मोहखेड़	25 शाला आंगनवाड़ी	53.20	53200/-	10000/-	21.01.2021, 5.30 P.M.	23.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2021_PHED_122378_1	116/06.01.21	मोहखेड़	25 शाला आंगनवाड़ी	53.20	53200/-	10000/-	21.01.2021, 5.30 P.M.	23.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन
2021_PHED_122435_1	117/06.01.21	मोहखेड़	25 शाला आंगनवाड़ी	53.20	53200/-	10000/-	21.01.2021, 5.30 P.M.	23.01.2021, 1.00 P.M.	– तदैव –	90 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेवसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

जी-17549/44990/2021 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, छिंदवाड़ा म.प्र.

राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधिपति श्री मोहम्मद रफीक को शपथ ग्रहण कराई

भोपाल, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति श्री मोहम्मद रफीक को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सांदीपनि सभागार राजभवन में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद थे।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह, गृह एवं विधि विधाई मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मंत्री किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री कमल पटेल, मंत्री लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण श्री प्रभुराम चौधरी, मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम श्री ओम प्रकाश सखलेचा, मंत्री औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, प्रोटेम स्पीकर श्री रामेश्वर शर्मा, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपतिगण, अधिवक्तागण, विधि-विधायी कार्य एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुये। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने शपथ विधि कार्यवाही का संचालन किया।

पत्थरबाजी सामान्य अपराध नहीं, सजा के लिए बनाएंगे कड़ा कानून - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पत्थरबाजी करने वाले उपद्रवियों को कड़ी सजा मिलेगी। इसके लिए कानून बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्थरबाजी करने वाले समाज के दुश्मन हैं। पत्थरबाजी साधारण अपराध नहीं है। इससे किसी की जान भी जा सकती है। पत्थरबाजी, भय और आतंक का माहौल बनाती है।

श्री चौहान ने कहा कि कानून का राज ही मध्यप्रदेश में रहेगा। पत्थरबाजी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। इसके लिए कड़ी सजा देने का कानून भी हम ला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा की पत्थरबाजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, आगजनी को अंजाम देना या किसी का व्यक्तिगत नुकसान या तोड़फोड़ करना अक्षम्य अपराध की श्रेणी में है। कोई भी बात शांतिपूर्ण ढंग से कहने की लोकतंत्र में इजाजत है। लेकिन पत्थरबाजी जैसी घटनाएं सहन नहीं की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को कड़ी सजा देंगे। सजा के साथ ही ऐसे उपद्रवी लोगों को पीड़ित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति भी देनी होगी। उपद्रवी से आर्थिक भरपाई भी करवाई जाएगी।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दो मंत्रियों को दिलाई शपथ

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नवनियुक्त मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और श्री गोविंद सिंह राजपूत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

भोपाल, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नवनियुक्त मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और श्री गोविंद सिंह राजपूत को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। मंत्रिमंडल विस्तार शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने किया।

शपथ ग्रहण समारोह में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मंत्री आदिम जाति कल्याण सुश्री मीना सिंह, मंत्री किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री कमल पटेल, मंत्री खनिज संसाधन और श्रम श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री चिकित्सा शिक्षा श्री विश्वास सारंग, मंत्री लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण श्री प्रभुराम चौधरी, मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम श्री ओम प्रकाश सखलेचा, मंत्री औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह और प्रोटेम स्पीकर श्री रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे।

इन्दौर

स्वच्छता के साथ ही आदर्श शहर के रूप में किया जायेगा विकसित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष नगर निगम इन्दौर का पंचवर्षीय प्रगति रोडमैप प्रस्तुत किया गया।

इन्दौर, इन्दौर को स्वच्छता के साथ ही हर क्षेत्र में आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जायेगा। अगले पांच वर्षों में ऐसी योजनाओं पर कार्य होगा, जिससे यह शहर देश में अव्वल और आदर्श शहर बने। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्दौर में अगले पांच वर्षों में किये जाने वाले कार्यों के लिये प्रस्तावित योजनाओं का प्रजेन्टेशन देखने के बाद कहीं। उन्होंने योजनाओं की जानकारी ली और निर्देश दिये कि इन्दौर की भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये समयबद्ध कार्ययोजना के अनुसार कार्य किये जायें। इन्दौर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्दौर में परिवहन सुविधा को सुलभ बनाने के लिये शहर के व्यस्ततम मार्गों पर 'केवल कार' चलाई जायें। केवल कार चलाने वाला इन्दौर देश के चुनिंदा शहरों में शामिल होगा।

इन्दौर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आई.टी. हब, लॉजिस्टिक हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्दौर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट विकसित किया जाये। इसके लिये पूरी मदद दी जायेगी। उन्होंने आईटी हब का विस्तार करने के निर्देश भी दिये। इसके लिये आईटी से जुड़ी कंपनियों के साथ बैठक करें। नगर में सर्वसुविधायुक्त लॉजिस्टिक हब भी विकसित हो।

जिले में एक बड़ी गौ-शाला, नये रोड, सबके पक्के घर

श्री चौहान ने जिले में एक बड़ी गौ-शाला को आदर्श गौ-शाला के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। समय की जरूरत के मुताबिक नये रोड विकसित हों। ऐसे प्रयास किये जाएं कि वर्ष 2022 तक कोई भी परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे, सबका पक्का मकान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 2026 तक जल प्रदाय का कवरेज हर नागरिक तक पहुंचाने की योजना तैयार की गई है। हर घर में नल-हर नल में जल होगा। इन्दौर देश का ऐसा पहला शहर होने जा रहा है, जिससे किसी नदी और नाले में सीवरेज का जल नहीं मिलेगा। नदी और नालों में स्वच्छ और उपचारित जल ही प्रवाहित होगा।

रेंटल हाउसिंग योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेंटल हाउसिंग के अंतर्गत शहरी मजदूरों और प्रवासियों के लिये वर्ष 2022 तक 200 घर एवं वर्किंग महिलाओं के लिये 100 बेडेड हॉस्टल बनाने का लक्ष्य है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मांग अनुसार विभिन्न चरणों में 97 हजार 627 किफायती आवासीय इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है।

शहर के लिए नया ट्रैफिक प्लान

शहर के लिये नया ट्रैफिक मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का विस्तारीकरण, लोहा मण्डी तथा अनाज मण्डी का विस्थापन, पार्किंग व्यवस्था के विस्तार के कार्य प्रस्तावित हैं। शहर में 50 किलोमीटर मास्टर प्लान रोड का विकास तथा रिंग रोड एवं एबी रोड पर सात फ्लाई ओवर प्रस्तावित हैं। यातायात को बेहतर बनाने के लिये 83 किलोमीटर लम्बाई के आउटर रिंग रोड निर्माण की योजना भी बनाई गई है। इन्दौर बायपास के दोनों तरफ फोरलेन सर्विस रोड के निर्माण की योजना तैयार की गई है।

विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर होंगे विकसित

जिले में रोज़गार के सृजन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसके अनुसार रंगवासा में फूड प्रोसेसिंग, मोहना में आयुर्वेदिक, खिलौने एवं इलेक्ट्रिक क्लस्टर, बेटमा खुर्द में फर्नीचर एवं फार्मा, क्षिप्रा में खिलौना एवं कन्फेक्शनरी क्लस्टर, मल्टी प्रोडक्ट इंडस्ट्रियल एरिया में फिनटेक एवं नॉलेज पार्क तथा देपालपुर में इन्वेस्टमेंट रीजन डेवलपमेंट योजना तैयार की गई है।

बांस उत्पादों की उत्पादन इकाइयों की स्थापना में प्रदेश हुआ अग्रणी

भोपाल, मध्यप्रदेश में बांस उगाने वाले किसानों की आय बढ़ाने के लिये बांस उत्पादों की 9 उत्पादन इकाइयां मंजूर कर एक करोड़ 22 लाख रुपये से ज्यादा का अनुदान जारी किया गया है। इस वर्ष प्रदेश में 32 आधारित इकाइयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने बताया कि राष्ट्रीय बांस मिशन द्वारा इंडियन बैंक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित वेबिनार में स्पष्ट हुआ है कि देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बांस उत्पादकों की उत्पादन इकाइयों का कार्य प्रारंभ हुआ है। कुंवर शाह ने बांस मिशन से जुड़े अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि सकारात्मक प्रयास करने के कारण सफल परिणाम सामने आये हैं। उन्होंने इस दिशा में प्रयास और तेज करने के निर्देश भी दिये हैं।

राज्य बांस मिशन के सीईओ और प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. अभय कुमार पाटिल ने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने और पर्यावरण सुधार के लिये मिशन द्वारा कृषकों की भूमि पर लक्ष्य के अनुरूप पिछले वर्षों में 15 लाख से अधिक बांस के पौधे रोपित किये गये हैं। जबकि केवल वर्ष 2020 में 3500 हेक्टेयर निजी क्षेत्र में बांस रोपण करवाया गया है। रोपण के चार वर्ष बाद बांस के भिर्रे काटने लायक हो जाते हैं और इससे किसान को सालाना प्रति एकड़ एक लाख रुपये से अधिक की आमदनी हो सकेगी।

राष्ट्रीय बांस मिशन योजना में बांस उत्पादों के उद्योग लगावाने के लिये बैंक एण्डेड सब्सिडी स्कीम का प्रावधान है। इच्छुक उद्यमियों की बैंकेवल प्रोजेक्ट भी मिशन द्वारा निःशुल्क बनवाया जा रहा है। बैंकों की अनुशंसा पर अभी तक 9 इकाइयां स्वीकृत कर एक करोड़ 22 लाख 65 हजार रुपये का अनुदान जारी किया जा चुका है। इसके अलावा 5 उद्यमियों के प्रोजेक्ट के लिये संबंधित बैंकों की सहमति भी प्राप्त हो गई है। योजना के अनुरूप अन्य औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कराई जा रही हैं। अन्य 4 उद्यमियों के प्रोजेक्ट बनवाकर उनको दिये जा चुके हैं। राज्य बांस मिशन अगले पांच साल में प्रदेश में बांस उत्पाद निर्माण करने वाले उद्योगों का नेटवर्क स्थापित करेगा और किसान अपने जिले में ही अपने बांस की बिक्री कर सकेंगे।

मध्यप्रदेश में 1578 हेक्टेयर भूमि पर 20 नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने बताया है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत नवीन निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में 1578.25 हेक्टेयर भूमि पर 20 नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इस दिशा में विभाग द्वारा इच्छुक उद्यमियों से एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट (EOI) आमंत्रित की गई है।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश-2023 के रोडमैप अन्तर्गत निर्धारित विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये कार्य-योजना तैयार कर इसका क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। श्री दत्तीगांव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिले में एक विशिष्ट उत्पाद को चिन्हित कर 'एक जिला एक पहचान' को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया है।

श्री दत्तीगांव ने बताया कि अटल बिहारी चम्बल प्रोग्रेस-वे चम्बल क्षेत्र के विकास के लिये लाइफ-लाइन साबित होगा। उन्होंने बताया कि 400 किलोमीटर लम्बा यह राजमार्ग श्योपुर जिले को राजस्थान के कोटा से जोड़ेगा और श्योपुर, मुरैना और भिण्ड जिले से होकर गुजरेगा। इस प्रोग्रेस-वे के निर्माण के साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 5 औद्योगिक नोड विकसित करने की योजना बनाई गई है। श्री दत्तीगांव ने बताया कि भारत सरकार की फार्मा प्रोत्साहन नीति के तहत होशंगाबाद जिले के औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई में 2 हजार 74 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग्स पार्क तथा 358 एकड़ भूमि पर मेडीकल डिवाइसेस पार्क की स्थापना के लिये भारत सरकार को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजे गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए नव चिंतन कर अमल में लाएं कार्य योजना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संबंध में चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के पास कोलार वन विश्राम गृह में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ प्रदेश के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के कल्याण के लिए ऐसा कार्य हो कि एक वर्ष बाद मध्यप्रदेश को बधाइयां मिलें। उन्होंने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए विभागवार एक्सरसाइज कर अच्छे कार्यों को संपादित करने के निर्देश दिए।

जनता के हित में किये कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 9 से 10 माह में प्रदेश के विकास, प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। आम जनता से भी सरकार के अनेक कार्यों के प्रति समर्थन प्रतिक्रिया मिली है। माफिया के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई और नशे से युवा वर्ग को बचाने के ठोस प्रयासों का अच्छा संदेश गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मार्च के आखिरी सप्ताह में सरकार बनी तब कोरोना की बड़ी चुनौती सामने थी। इससे नागरिकों को बचाने का कार्य तत्परता से किया गया। प्रभावी कदम उठाए गए। वायरस के नियंत्रण के साथ ही सबसे पहले मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप बनाया गया।

आत्मनिर्भर भारत की लक्ष्य प्राप्ति में मध्यप्रदेश ने पहले पहलकर बनाया रोडमैप

श्री चौहान ने कहा कि जैसे ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की बात कही उनके चिंतन की प्रक्रिया शुरू हो गई। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए ठोस पहल की गई। सभी मंत्रियों, अर्थशास्त्रियों, नीति आयोग के पदाधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने विचार मंथन कर मध्यप्रदेश रोडमैप की तैयारी की। प्रयास सार्थक हुए। मध्यप्रदेश सबसे पहले यह रोडमैप बनाने में सफल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था, रोज़गार, सुशासन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के मुद्दों पर रोडमैप में विस्तार से कार्य का निर्धारण किया गया है।

राजस्व बढ़ाने का कार्य तेज हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अच्छी राजस्व वसूली का कार्य कुछ प्रयासों से ही संभव है। इस दिशा में अच्छी उपलब्धि मिल रही है। विशेषकर जीएसटी कलेक्शन में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से आगे है। राजस्व वृद्धि के प्रयास तेज किए जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की बात हो या ग्रामीण विकास के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता, मध्यप्रदेश ने कुछ कार्यों में रिकॉर्ड बनाया है। देश में सबसे अधिक गेहूं उपार्जन किए जाने के बाद किसानों के खातों में राशि पहुंचाने का कार्य हुआ। प्रदेश में दो एक्सप्रेस-वे प्रगति पर हैं। भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क से व्यापक पैमाने पर रोज़गार की संभावनाओं को साकार किया जाएगा। बफर में सफर शुरू हो चुका है। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तत्काल देने की व्यवस्था, किसानों को बिना चक्कर लगाए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य प्रदेश में बखूबी किया जा रहा है। इसे और गति देना है। पत्थरबाजी पर प्रतिबंध के लिए कड़ा कानून बनाया जा रहा।

मध्यप्रदेश बने उदाहरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रीगण चिंतन कर विभाग की योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित करवाएं। क्षमता का पूरा उपयोग कर बेहतर परिणाम दे सकते हैं। प्रयास होना चाहिए कि आने वाले एक वर्ष में हम बहुत सी उपलब्धियां अर्जित कर लें और सभी राज्य मध्यप्रदेश को बधाई दें। हम ऐसी स्थिति में आ जाएं कि मध्यप्रदेश अग्रणी स्थिति में आकर एक उदाहरण माना जाए।

मुख्यमंत्री ने किया एडवांस्ड आयुष वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन

इन्दौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्दौर स्थित ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित एडवांस्ड वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये 'आयुष वेलनेस सेन्टर' की स्थापना की बात कही थी जिसे मूर्तरूप देते हुए हुये ग्रेटर ब्रजेश्वरी, पीपल्याहाना इन्दौर में अत्याधुनिक आयुष वेलनेस सेन्टर स्थापित किया गया है। यहां पर आयुष की विभिन्न चिकित्सा प्रणाली (आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी), होम्योपैथिक तथा योग) द्वारा नागरिकों की चिकित्सा की जा रही है। वेलनेस सेंटर के संचालक डॉ. ए.के. द्विवेदी ने बताया कि यह मध्यप्रदेश में पहला आयुष वेलनेस सेंटर है, जिसका मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया है। यहां पर विश्व-स्तरीय आयुष चिकित्सा के अंतर्गत प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ योग, आयुर्वेद तथा होम्योपैथी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां पर जोड़ो में दर्द, शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, कमजोरी, सिरदर्द, माइग्रेन के साथ-साथ त्वचा रोग, पार्किंसन, किडनी की बीमारी एवं गठिया, अस्थमा, मोटापा, स्पॉन्डिलाइटिस, वेरिकोस वेन, प्रोस्टेट तथा अप्लास्टिक एनीमिया का इलाज किया जा रहा है।

आयुष मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने बताया कि इस सेंटर में जटिल तथा असाध्य रोग के मरीजों को योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं होम्योपैथिक चिकित्सा दी जा रही है। साथ ही मनोचिकित्सा द्वारा भी लोगों को स्ट्रेस, एंजाइटी एवं डर से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस संस्थान की स्थापना से पूरे मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। ऐसे लोग जो प्राकृतिक चिकित्सा लेने के लिये प्रदेश के बाहर जाते थे, उन्हें अब इन्दौर शहर में ही ये सभी सुविधायें मिल सकेंगी।

शिक्षकों के स्थानांतरण की नवीन नीति तैयार की जाएगी

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण की नवीन नीति तैयार की जाएगी। श्री परमार मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' क्रियान्वयन की कार्य योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण की नवीन नीति बनाने के दौरान इसे सबके सामने रखा जाएगा और सभी शिक्षक संगठनों से विस्तृत चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्री परमार ने समीक्षा के दौरान विभाग की 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' क्रियान्वयन की कार्य योजना के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम राइज स्कूलों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। इन स्कूलों में स्टेम (STEM) शिक्षा को बढ़ावा देने और उसके क्रियान्वयन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग से समन्वय करें। छात्रों के मूल्यांकन, शिक्षकों के प्रदर्शन के आकलन के लिए आईटी- आधारित तृतीय पक्ष मूल्यांकन पद्धति अपनाएं। चयनित स्कूलों में कौशल आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करें।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए शिक्षकों के प्रशिक्षण की नीति तैयार करें।

युवा उद्यमियों को मिलेगा सौर ऊर्जा टेक्नोलॉजी में कौशल विकास प्रशिक्षण

भोपाल, मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाओं और उपयोग को देखते हुए युवा उद्यमियों के लिए सौर ऊर्जा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कौशल विकास के लिये मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ एनर्जी स्वराज फाउंडेशन 5 से 10 अप्रैल 2021 तक छह दिन का सशुल्क व्यवहारिक प्रशिक्षण देगा। प्रारंभिक तौर पर हर जिले से सिर्फ दस लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

यह प्रशिक्षण आई.आई.टी. बॉम्बे के प्रोफेसर, एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक एवं मध्यप्रदेश के सौर ऊर्जा के ब्रांड एम्बेसेडर प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी और उनके मास्टर ट्रेनर्स द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल में दिया जायेगा।

प्रशिक्षण प्राप्त युवा उद्यमी सौर पी.वी. टेक्नोलॉजी एवं सिस्टम डिजाइन में सैद्धांतिक ज्ञान के अतिरिक्त सौर पी.वी. सिस्टम के इंस्टॉलेशन में पारंगत होंगे। वे सिस्टम के इंस्टालेशन की लागत-व्यय आदि की गणना सीखेंगे और साथ-साथ सोलर के वर्तमान मार्केट एवं व्यापार की संभावनाओं और नये विकल्पों से भी परिचित होंगे। प्रशिक्षण के बाद युवा उद्यमी ऑफ-ग्रिड रूफ टॉप सोलर पी.वी. सिस्टम को डिजाइन कर स्थापित कर पाएंगे।

किसे मिलेगा प्रशिक्षण

कोई भी आईटीआई/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/विज्ञान में स्नातक और अधिकतम 40 वर्ष आयु का व्यक्ति इस प्रशिक्षण में शामिल हो सकता है। स्नातक कर रहे विद्यार्थी या सरकारी क्षेत्र में पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे लोग पात्र नहीं हैं। प्रदेश के हर जिले के केवल दस लोगों को पहले-आओ-पहले-पाओ के आधार पर चुना जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल होने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है।

समय की मांग के अनुसार तैयार कराये जायें खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पाद

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम की बैठक की अध्यक्षता करते हुये।

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये कुटीर, खादी एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत तैयार किये उत्पाद आधुनिक फैशन एवं समय की मांग के अनुसार तैयार कराये जायें। इसके लिये विशेषज्ञों की मदद ली जाये। कुटीर, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने यह निर्देश मंत्रालय में आयोजित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम एवं मध्यप्रदेश राज्य रेशम विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित की बैठक में दिये।

श्री भार्गव ने कहा कि कुटीर, खादी एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत गठित निगम एवं फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इससे उनके जीवन-स्तर में सुधार हो सकेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि रेशम और खादी से उत्पादित वस्त्रों की डिजाइनिंग के लिये विशेषज्ञों की सेवाएं ली जायें। उन्होंने रेशम वस्त्रों की मॉडर्न डिजाइनिंग के लिये विभागीय अधिकारियों की टीम मार्केट सर्वे के लिए जयपुर भेजने के निर्देश भी दिये।

खादी ग्रामोद्योग के तीन नवीन आउटलेट बनेंगे

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड शीघ्र ही भोपाल में तीन नवीन आउटलेट प्रारंभ करने जा रहा है। इसकी अनुमति भी बोर्ड की बैठक में दे दी गई है। यह आउटलेट वल्लभ भवन की एनएक्सजी-2, मालवीय नगर और संजीवनी प्राकृत परिसर में प्रारंभ किये जायेंगे, जिनमें विंध्या वैली के उत्पाद भी विक्रय के लिए रखे जाने का निर्णय भी लिया गया।

खादी ग्रामोद्योग के उत्पाद अमेजन एवं फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध

बाजार के बदलते स्वरूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये खादी ग्रामोद्योग के सभी विंध्या वैली उत्पाद अब अमेजन एवं फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध रहेंगे। दोनों कम्पनियों के साथ हुए एमओयू को भी बोर्ड की बैठक में मंजूरी दी गई।

इसके साथ ही हस्तशिल्प विकास निगम के मृगनयनी शोरूम में भी विंध्या वैली और रेशम के उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। श्री भार्गव ने व्यापक आधुनिक प्रसार माध्यमों से रेशम और खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों के विज्ञापन के निर्देश भी दिये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

गुना में नर्सिंग क्षेत्र में रोज़गार हेतु आयोजित हुआ प्लेसमेंट ड्राइव

गुना, जिला प्रशासन के निर्देशन में राज्य शासन की मंशानुरूप कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग के माध्यम से 7 जनवरी 2021 को आई.टी.आई. गुना में अपोलो होम हेल्थ केयर लिमिटेड, न्यू दिल्ली के सहयोग से नर्सिंग के लिये निजी क्षेत्र में रोज़गार के अवसर के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसके लिये गूगल फॉर्म एवं अन्य माध्यम द्वारा बीएससी (BSc) नर्सिंग उत्तीर्ण 130 बेरोज़गार का ऑनलाइन पंजीयन किया गया था, जिसमें से 47 उपस्थित हुये।

आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में अपोलो होम हेल्थ केयर लिमिटेड, न्यू दिल्ली द्वारा BSc नर्सिंग उत्तीर्ण आवेदक कुल 30 का चयन लिखित एवं साक्षात्कार द्वारा किया जाकर ऑफर लेटर दिया गया। उपस्थित आवेदकों में 19 पुरुष, 9 महिला एवं 2 आवेदक एमएससी नर्सिंग उपस्थित हुए जिन्हें सुपरवाइजर पद के लिये ऑफर दिया गया। जिले में नर्सिंग क्षेत्र में रोज़गार के लिए प्लेसमेंट ड्राइव पहली बार किया गया है।

पर्यटक सुविधा केंद्र का लोकार्पण

भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से पर्यटकों को जोड़ा जाएगा

रायसेन, मध्यप्रदेश में पर्यटकों को पर्यटन के साथ ही भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ा जाएगा। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने सांची में बुद्ध जम्बूद्वीप पार्क तथा पर्यटक सुविधा केंद्र का लोकार्पण करते हुये कही। सुश्री ठाकुर ने कहा कि बुद्ध जम्बूद्वीप पार्क और पर्यटक सुविधा केंद्र के निर्माण से पर्यटकों को उच्च-स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। परिणाम स्वरूप पर्यटकों के बीच सांची और भी अधिक लोकप्रिय बनेगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण के लिये संस्कृति, पर्यटन एवं आध्यात्म विभाग सतत रूप से काम कर रहा है। सुश्री ठाकुर ने कहा कि मूल्यों पर आधारित समाज और राष्ट्रवाद की संकल्पना को धरातल पर उतारने में पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्म विभाग की भूमिका अहम है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि हम सिटी म्यूजियम के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को सच्चा इतिहास बताना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव जी की 550वीं जयंती को दृष्टिगत रखते हुए सिक्ख गुरुओं की बलिदानी पावन परम्परा पर सुंदर संग्रहालय बनाया जायेगा, ताकि आने वाली पीढ़ी देश की आजादी और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिये किये गये बलिदानों को जान सके।

सुश्री ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में पर्यटन काफी प्रभावित हुआ है। इसे उबारने के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के मद्देनजर प्रदेश में स्प्रिचुएवल टूरिज़्म को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिये महू विधानसभा की जानापाव पहाड़ी को चुना गया है।

सांची को लोकप्रिय बनाने के लिये उठाये जायेंगे कदम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि विश्व धरोहर स्थल के तौर पर सांची को पर्यटकों के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किये जा रहे विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों से निःसंदेह पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोज़गार के नवीन अवसर भी प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत बुद्धिस्ट स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बुद्ध जम्बूद्वीप थीम पार्क 17 एकड़ में फैला हुआ है। थीम पार्क में कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। थीम पार्क महात्मा बुद्ध के जीवन सिद्धांतों के अनुसार बनाया गया है।

इंटरप्रिटेशन सेंटर

बुद्ध जम्बूद्वीप पार्क में इंटरप्रिटेशन सेंटर भी बनाया गया है। इसमें बुद्ध और बौद्ध धर्म का कालानुक्रमिक समय, इसका उद्भव, विस्तार और प्रसार सेंटर की गैलरियों में प्रस्तुत किया गया है। बुद्ध के जीवन के 4 महान क्षणों का प्रतिनिधित्व करने वाला परिक्रमा-पथ 4 प्रतीकात्मक पेड़ों का उपयोग करके इंटरप्रिटेशन सेंटर के बाहर बनाया गया है। सांची आने वाले पर्यटकों को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने के लिये 5 करोड़ की लागत से पर्यटक सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है।

मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ अभियान को नए सिरे से चलाया जाएगा

प्रदेश में गंभीर कुपोषित बच्चों का एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम लागू–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ अभियान को नए सिरे से चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत बच्चियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, सुरक्षा तथा सशक्तीकरण हर पहलू पर ध्यान दिया जाएगा। मध्यप्रदेश की पोषण नीति तैयार है, जिसे शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने गंभीर कुपोषित बच्चों का एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम राज्य में लागू किया है। हम कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं।

बच्चों का कुपोषण दूर करने के सघन प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत उनका नियमित रूप से वजन लिए जाना, पोषण आहार प्रदाय, सामान्य कुपोषित बच्चों का समुदाय स्तर पर उपचार एवं पोषण प्रबंधन, अतिरिक्त पोषण आहार प्रदाय, गंभीर कुपोषित बच्चों का पोषण पुनर्वास केंद्रों पर उपचार एवं देखभाल आदि कार्य किए जा रहे हैं। पोषण सेवाओं की मॉनीटरिंग के लिए 'पोषण डैशबोर्ड' तैयार किया गया है।

पोषण स्तर में सुधार होने पर प्रोत्साहन

श्री चौहान ने बताया कि 'पोषित परिवार-सुपोषित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम के अंतर्गत गंभीर कुपोषण वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार होने पर परिवार को प्रोत्साहन राशि दी जाती है तथा सम्मान किया जाता है।

आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 62 हजार 500 आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका बनाई जा रही है। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में ग्राम आरोग्य केंद्र का विस्तार किया जा रहा है। अभी 51 हजार 500 केंद्रों में ये स्थापित हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इस योजना में प्रदेश में 152 प्रतिशत उपलब्धि हुई है।

प्रदेश के 7 शहरों में सेफ सिटी कार्यक्रम

महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के 7 शहरों में सेफ सिटी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसका विस्तार आगामी एक वर्ष में पूरे राज्य में किया जाना है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों, परिवहन आदि में महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण निर्माण किया जाएगा तथा सामुदायिक जागरूकता लाई जाएगी।

लगभग 400 लाडली लक्ष्मी 11वीं एवं 12वीं कक्षा में

अधिकारियों ने बताया कि लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिन बालिकाओं को लाभ दिया गया था उनमें से लगभग 400 बालिकाएं 11वीं एवं 12वीं कक्षा में आ गई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन बालिकाओं की उच्च शिक्षा एवं कॅरियर निर्माण आदि पर ध्यान दिया जाए।

मध्यप्रदेश में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के हों पूरे प्रयास

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिये हैं कि मध्यप्रदेश में मुर्गियों में पाए जाने वाले संक्रामक रोग बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के पूरे प्रयास किये जायें। भले ही मध्यप्रदेश में ऐसे मामले नहीं आये हैं, फिर भी एहतियातन सभी सावधानियां बरती जाएं।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें राज्य में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा की। वर्तमान में प्रदेश में ऐसी समस्या नहीं है, एहतियातन आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इनमें भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस से जिलों को अवगत करवाया गया है। दक्षिण भारत के केरल सहित सीमावर्ती राज्यों से सीमित अवधि के लिए पोल्ट्री प्रतिबंधित रहेगा। यह अस्थाई रोक एहतियातन लगाई गई है। प्रदेश के कुछ स्थानों कुछ कौओं की मृत्यु की सूचना के बाद सावधानी के तौर पर ये कदम उठाये गये हैं। जिन जिलों से ऐसे समाचार मिले हैं, वहां रोग होने की पुष्टि भारतीय उच्च सुरक्षा रोग अनुसंधान प्रयोगशाला (NISHAD) से प्रतीक्षित है। इसके पहले सावधानी के तौर पर सम्पूर्ण प्रदेश में रोग के नियंत्रण और शमन के लिये अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जिलों में गाइडलाइन का पालन करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग और सहयोगी विभागों एवं एजेंसियों को इस मामले में सजग रहने, रैंडम चेक करने और आमजन को आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां से पक्षियों की मृत्यु की जानकारी मिली है, सावधानी के तौर पर पोल्ट्री फार्म पर भी नजर रखी जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में बर्ड फ्लू की प्रतिदिन की स्थिति से भारत सरकार को अवगत करवाया जा रहा है।

प्रमुख बिन्दु

- कुछ जिलों में कौओं की मृत्यु का समाचार मिलने पर सैम्पल एकत्रीकरण और रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिये कार्रवाई की गई।
- बर्ड फ्लू रोग उदभेद करने वाले जिलों में कलेक्टर मार्गदर्शन में पशुपालन, वन, स्वास्थ्य और स्थानीय निकाय के समन्वित प्रयासों से जरूरी कार्यवाही तत्काल की गई है। भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार सतर्कता रखी जा रही है।
- वर्तमान में सिर्फ कौओं में बर्ड फ्लू के H5N8 वायरस के संक्रमण की जानकारी मिली है। यह वायरस मुर्गियों में नहीं पाया गया है।
- जिलों में विभागीय दल जलाशयों, कुक्कुट प्रक्षेत्रों, कुक्कुट बाजारों में सघन निगरानी रख रहा है।
- बर्ड फ्लू संदर्भ में जन जागरूकता के लिये कुक्कुट पालकों और व्यवसायियों को इस रोग से बचाव के लिये आवश्यक जानकारियां दी की जा रही हैं।
- मध्यप्रदेश के जिलों में पोल्ट्री फार्म और बैकयार्ड कुक्कुट में किसी भी प्रकार से मुर्गियों में अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जिलों में पशुपालन विभाग का अमला संपूर्ण सतर्कता बरत रहा है।
- कौओं या मुर्गियों में बीमारी या अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सैम्पल एकत्र कर प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की जाती है।

मुख्यमंत्री मदद योजना के नियमों में संशोधन

भोपाल, आदिम-जाति कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री मदद योजना के नियमों की कुछ कण्डिकाओं में संशोधन किये हैं। इस संबंध में विभाग ने आदेश जारी किये हैं।

संशोधन के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा क्रय की गई सामग्री को अब ग्राम पंचायत सचिव प्राप्त कर स्टॉक पंजी में संधारित किया जायेगा। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम में अनुसूचित-जनजाति के परिवार में सामाजिक संस्कारों के कार्यक्रम के लिये उक्त सामग्री संबंधित परिवार को निःशुल्क उपयोग के लिये उपलब्ध कराई जायेगी। किये गये संशोधन के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सामग्री प्रदाय किये जाने की जानकारी संधारित करने के लिये एक पंजी तैयार की जायेगी। उक्त पंजी में समय-समय पर जिस परिवार को उपयोग के लिये सामग्री दी जायेगी, उसका विवरण पंजी में लिखा जायेगा।

मध्यप्रदेश के विभिन्न जन-जातीय समुदाय में जन्म, मृत्यु आदि संस्कारों पर उत्सव करने की परम्परा रही है। इन अवसरों पर सामाजिक भोज का आयोजन परम्परागत रूप से किया जाता रहा है। ऐसे अवसरों पर निर्धनता के कारण कई जन-जातीय परिवार भोज आदि की व्यवस्था में कठिनाई का सामना करते हैं। कई मौकों पर उन्हें ऋणग्रस्तता का सामना करना पड़ता है। जन-जातीय परिवारों को इस समस्या से मुक्त करने के लिये राज्य सरकार ने प्रदेश के 89 जन-जातीय विकासखण्डों में मदद योजना संचालित की है। योजना के अंतर्गत बच्चे का जन्म होने पर उत्सव के लिये 50 किलो अनाज (गेहूं अथवा चावल) और मृत्यु होने पर भोज के लिये एक क्विंटल अनाज संबंधित परिवार को निर्धारित दर पर उचित मूल्य की दुकान से उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना में सामूहिक भोज के अवसर पर खाना पकाने के लिये बर्तन आदि व्यवस्था के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत के माध्यम से संबंधित ग्राम को 25 हजार रुपये के बर्तन उपलब्ध करवाये गये हैं।

सोलर ऊर्जा एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाकर कम किया जा सकता है कार्बन फुटप्रिंट

भोपाल, एनर्जी स्वराज फाउण्डेशन के ऊर्जा विशेषज्ञ प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ट्रेनिंग सेंटर में सोलर ऊर्जा पर आयोजित व्याख्यान में सोलर एनर्जी के उपयोग को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया 21वीं सदी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रही है। यह दशक तय करेगा कि पृथ्वी के समक्ष मौजूदा संकटों और चुनौतियों से निपटने में हम कितने समर्थ हो पाएंगे। ग्लोवल वार्मिंग-जलवायु परिवर्तन रोकना पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। श्री सोलंकी ने कहा कि परंपरागत ईंधनों के अंधाधुंध उपयोग और औद्योगिक गतिविधियों के कारण कार्बन उत्सर्जन बढ़ता जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेरिस समझौते के अंतर्गत तमाम कामों के बावजूद हमारा कार्बन फुटप्रिंट कम नहीं हुआ है। कार्बन के इस बोझ को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाकर कम किया जा सकता है। इस संबंध में सर्वाधिक महत्वपूर्ण ऊर्जा का स्रोत सोलर एनर्जी है। सोलर एनर्जी के बढ़ावे से बहुत हद तक प्रकारांतर से कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 50 से भी कम होना चाहिए। देश में 40 फीसदी वन क्षेत्र कम हो गया है। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना होगा ताकि पर्यावरण को सुधारा जा सके। प्रो. सोलंकी ने बताया कि खरगोन में सोलर कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। यहां प्रकाश से लेकर सभी कार्य सौर ऊर्जा से हो रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बेकी हैमन

एनबीए में मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला बनीं

बेकी हैमन अमेरिका की बास्केटबॉल लीग एनबीए के

नियमित सत्र में किसी टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्य करने वाली पहली महिला बन गई हैं। लॉस एंजिलिस लेकर्स के खिलाफ सैन एंटोनियो स्पर्स के हेड कोच ग्रेग पोपोविच को दूसरे क्वॉर्टर में बाहर निकाल दिया गया था। फैसले पर विरोध जताते हुये पोपोविच कोर्ट के अंदर आ गये थे। जिसके बाद असिस्टेंट कोच हैमन ने हेड कोच की जिम्मेदारी उठाई।

एमिरेट्स एयरलाइंस ने

प्रीमियम इकोनॉमी केबिन की शुरुआत की

एक तरफ जहां कोरोना महामारी की वजह

से एयरलाइंस कंपनियां अपनी लागत कम करने के उपाय ढूंढने में जुटी हैं वहीं दूसरी ओर यूएई की एमिरेट्स एयरलाइन इकोनॉमी क्लास के यात्रियों को बिजनेस क्लास जैसी सुविधाएं देने जा रही है। एमिरेट्स ने नये प्रीमियम इकोनॉमी केबिन की शुरुआत की है। इसमें ज्यादा आरामदेह सीटों के अलावा अन्य सुविधाओं को जोड़ा गया है, जिसमें अपनी श्रेणी की सबसे बड़ी स्क्रीन, लेदरकुशन, चार्जिंग पाइंट, मॉडर्न फिटिंग्स जैसी चीजें शामिल हैं।

आईटीबीपी में

डॉग्स को दिये गये देसी नाम

भारत-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) की K-9 टीम

में 17 नये डॉग मेंबर्स शामिल हुये। ये बेल्जियन मेलिनोइस प्रजाति के हैं। पहली बार ऐसा हुआ है कि अंग्रेजी के बजाय इनके गलवान, सुल्तान जैसे भारतीय नाम रखे गये हैं। इस ब्रीड को ओसामा हंटर्स भी कहा जाता है, क्योंकि 2011 में अमेरिकी मिशन में आतंकी लादेन को खोजने में इन्हीं श्वान ने मदद की थी।

'गांधीनगर कैपिटल'

रेलवे स्टेशन पर बन रहे प्रार्थना कक्ष

गुजरात की राजधानी गांधीनगर में आकार ले

रहे आधुनिक गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन में अलग से प्रार्थना रूम तैयार किये जा रहे हैं। यह देश में पहली बार किसी स्टेशन पर किया गया प्रयोग है। यहां वेवी फीडिंग रूम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी होगा। इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इस स्टेशन का निर्माण कर रहा है, जो अंतिम चरण में है। जनवरी - 2021 के दूसरे पखवाड़े में इसका लोकार्पण हो सकता है।

'मानुकूरा'

दुनिया के इकलौते सफेद कीवी की मौत

न्यूजीलैंड में दुनिया में इकलौते बचे सफेद कीवी 'मानुकूरा' की सर्जरी के बाद मौत हो गई है। सर्जरी में

उसका ओवीडक्ट और ओवरी हटाया जाना था। पुका नेशनल वाइल्डलाइफ सेंटर ने बताया कि वजन कम होने के बाद इसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। गौरतलब है कि मानुकूरा का जन्म मई 2011 में हुआ था। कीवी न्यूजीलैंड का राष्ट्रीय पक्षी भी है।

मोती की खेती

सूरत और अहमदाबाद में हुई शुरू

गुजरात के दो शहरों सूरत और अहमदाबाद में मोती की

खेती शुरू हो गई है। इसमें सीपियों के पाउडर से बने कृत्रिम खोल में बीज इम्प्लांट करते हैं। बीज हलचल कर कैल्शियम का लिक्विड छोड़ता रहता है, जिससे एक साल में दो मोती तैयार हो जाते हैं। भारत में तीन तरह के सीप होते हैं। कोरिओलिस, मार्जिनलिस और ओएस्टर। गंगा के बहते पानी में होने वाली कोरिओलिस सीप की क्वालिटी सबसे अच्छी होती है। ज्ञात रहे कि अभी देश में 70 फीसदी मोती आयात करने पड़ते हैं।

कृत्रिम सूरज

दक्षिण कोरिया ने बनाया

चीन के बाद अब दक्षिण कोरिया ने भी कृत्रिम सूरज



तैयार कर लिया है। कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ फ्यूजन एनर्जी में मौजूद के-स्टार रिसर्च सेंटर ने सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी और अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साथ इस सूरज के तापमान को 20 सेकेंड के लिये 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस तक बनाये रखा, जो नया रिकॉर्ड है। इसे प्लाज्मा ऑपरेशन कहा जा रहा है। सियोल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के अनुसार उच्च तापमान में काम करने के दौरान आने वाली दिक्कतों के अध्ययन में यह प्रयोग मदद करेगा।

ऑस्ट्रेलिया ने

नागरिकों के सम्मान में राष्ट्रगान का शब्द बदला

ऑस्ट्रेलिया ने नागरिकों के सम्मान में राष्ट्रगान में एक

शब्द बदल लिया है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने राष्ट्रगान 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' में 'फॉर वी आर यंग एंड फ्री' (हम युवा और स्वतंत्र हैं) को बदलकर 'फॉर वी आर बन एंड फ्री' (हम एक और स्वतंत्र हैं) करने की घोषणा की है। ज्ञात रहे कि ऑस्ट्रेलिया में जनता 'हम युवा और स्वतंत्र हैं' के खिलाफ थी, क्योंकि यह उन्हें 1788 याद दिलाता है जब ब्रिटेन का पहला बेड़ा ऑस्ट्रेलिया में उतरा था।

चन्ना स्नेक हेड

मेघालय में सांप जैसे सिर वाली मछली की प्रजाति मिली

मेघालय में एक छोटी पहाड़ी नदी में सांप जैसे सिर वाली



मछली की नई प्रजाति 'चन्ना स्नेक हेड' का पता चला है। सबसे पहले इसे देखने वाले एरिस्टोन रिंग्डोंगसिंगी ने बताया कि पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट, मध्य भारत और श्रीलंका में अब तक जितनी स्नेक हेड मछलियां पाई गई हैं, उनमें इसका रंग, दांतों का पैटर्न और डीएनए सिक्वेंस एकदम अलग है। इस मछली की खोज के बाद इसका विस्तृत विवरण तैयार किया जा रहा है।

लुईस हैमिल्टन को

ब्रिटिश क्वीन ने नाइटहुड से नवाजा

फॉर्मूला वन के ब्रिटिश ड्राइवर लुईस हैमिल्टन को अब 'सर' की उपाधि मिल गई है। उन्हें ब्रिटेन की क्वीन एलिजाबेथ ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया। यह सम्मान पाने वाले व्यक्ति के नाम के आगे सर लगाया जाता है। यह सम्मान पाने वाले हैमिल्टन 6वें फॉर्मूला वन

ड्राइवर हैं। हैमिल्टन को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर, लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर और जीक्यू गेम चेंजर ऑफ द ईयर, के खिताब से नवाजा जा चुका है।

सुनीत शर्मा

रेलवे बोर्ड के नये चेयरमैन बने

सुनीत शर्मा रेलवे बोर्ड के अगले चेयरमैन और सीईओ

होंगे। कैबिनेट की एप्वाइंटिंग कमेटी ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। फिलहाल वे पूर्वी रेलवे के जीएम यानि जनरल मैनेजर हैं। मौजूदा समय में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी.के. यादव हैं और सुनीत शर्मा उनकी जगह लेंगे। ज्ञात रहे कि यादव का कार्यकाल 31 दिसम्बर को समाप्त हो गया है।

अर्जेंटीना

गर्भपात कानून को मिली मंजूरी

अर्जेंटीना की सीनेट ने गर्भपात को वैध करार देने संबंधी

विधेयक को पारित कर दिया है। देश की महिलाएं सालों से इस अधिकार के लिये आंदोलनरत थीं। विधेयक में 14 सप्ताह तक की गर्भवती महिला के स्वैच्छिक गर्भपात को वैधानिक कर दिया है। 12 घंटे चली चर्चा में इस विधेयक के पक्ष में 38 जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े थे। संसद का निचला सदन 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुका है।

ओशन डेटा मैनेजमेंट के लिये

डॉक्टर हर्षवर्धन ने डिजिटल ओशन एप का उद्घाटन किया

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर

हर्षवर्धन ने वेब आधारित डिजिटल ओशन एप का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसे पृथ्वी विज्ञान के आईएनसीओआईएस (इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज) ने विकसित किया है। डॉक्टर हर्षवर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल ओशन अपने किस्म का ओशन डेटा प्रबंधन के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इससे भारत को डिजिटल सशक्त समाज बनाने में मदद मिलेगी।

तमिलनाडु में

मैराडोना की याद में तैयार हुई 6 फीट लंबी केक की प्रतिमा

अर्जेंटीना के दिवंगत फुटबॉलर डिएगो माराडोना

के फैंस ने तमिलनाडु के रामानाथपुरम् में बेकरी की दुकान के सामने छह फुट लंबी केक प्रतिमा बना दी और केक को डिस्प्ले में रखा गया। बेकरी कर्मचारी सतीश रंगनाथन के मुताबिक वे डिएगो को याद कर युवा वर्ग में उनकी विजय यात्रा के बारे में बताना चाहते हैं। उनका मकसद युवाओं में फुटबॉल के प्रति रुझान बढ़ाना है। छह फुट ऊंची मूर्ति बनाने में 270 अंडे और 60 किलो चीनी का इस्तेमाल किया गया। यह केक 14 दिन में बनकर तैयार हुआ।

जापान

लकड़ी से बनी सैटेलाइट लॉन्च करेगा

जापान ने अंतरिक्ष में प्रदूषण पर रोक लगाने की दिशा

में अब लकड़ी से बनी सैटेलाइट लॉन्च करने की घोषणा की है। यह योजना साल 2023 तक तैयार होगी। इस पर क्योटो यूनिवर्सिटी और सुमिटोमो फॉरेस्ट्री ने काम शुरू कर दिया है। इस सैटेलाइट को इको-फ्रेंडली भी कहा जा रहा है।

असम राइफल्स पब्लिक स्कूल

पूर्वोत्तर क्षेत्र का पहला खेलो इंडिया स्पोर्ट्स स्कूल बना

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने

शिलांग में असम राइफल्स पब्लिक स्कूल का एक खेलो इंडिया स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में शुभारंभ किया। वर्तमान में देश भर में नौ स्पोर्ट्स स्कूलों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से पांच का प्रबंधन रक्षा एवं अर्ध-सैनिक बलों द्वारा किया जाता है। असम राइफल्स पब्लिक स्कूल पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेलो इंडिया योजना के तहत घोषित होने वाला पहला स्पोर्ट्स स्कूल है। खेलो इंडिया स्पोर्ट्स स्कूल का उद्देश्य शिक्षा के साथ खेल का समन्वय करना है और इस प्रक्रिया में देश में खेलों का विकास करना और एथलीटों के प्रदर्शन एवं दृष्टिकोण में समग्र सुधार करना है।

स्मृति शेष

ओडिशा के संगीत निदेशक शांतनु महापात्र का निधन

ओडिशा के ख्यातिबद्ध संगीत निदेशक शांतनु

महापात्र का निधन हो गया। 84 वर्षीय शांतनु महापात्र लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने 1963 में सूर्यमुखी, 1967 में अरुंधति, 1977 में चिल्का तीरे और 1989 में बाघ बहादुर में अविस्मरणीय संगीत निर्देशन किया था।

फ्रांस के प्रसिद्ध डिजाइनर कार्डिन का निधन

मशहूर फ्रांसीसी डिजायनर पियरे कार्डिन का 98

वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पश्चिम पेरिस स्थित अमेरिकन अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। 1954 में उन्होंने बबल ड्रेस फैशन हाउस स्थापित किया था। कार्डिन अपनी मशहूर स्पेस ऐज स्टाइल के कारण 1960-70 के दौरान फैशन की दुनिया में प्रसिद्ध हुये थे।

प्रसिद्ध नृत्य इतिहासकार सुनील कोठारी का निधन

पद्मश्री से सम्मानित नृत्य इतिहासकार और



आलोचक सुनील कोठारी का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने भरतनाट्यम, ओडिसी, छऊ, कथक सहित अन्य भारतीय नृत्य कलाओं पर 20 से ज्यादा किताबें लिखी हैं। उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था और गुजरात संगीत अकादमी ने 2000 में गौरव पुरस्कार प्रदान किया था।

ब्रिटिश जासूस जॉर्ज ब्लैक का रूस में निधन

ब्रिटिश जासूस जॉर्ज ब्लैक का रूस की राजधानी

मॉस्को में 98 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रूस के खुफिया विभाग के अनुसार 1961 में लंदन में रूस के लिये काम करने के आरोप में जॉर्ज 42 साल की कैद की सजा मिली थी। उन्होंने बाद में रूस के लिये काम किया और ब्रिटेन के जासूसों को धोखा दिया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

अहंकार सफलता और संतुष्टि दोनों का दुश्मन है, इस पर कड़ी नजर बनाये रखना जरूरी है – रेयॉन हॉलीडे

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 4225/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह, दिनांक : 31.12.2020

निविदा सूचना क्रमांक - 168, 169, 170, 171, 172/2020-21/ दिनांक : 31.12.2020

प्रथम आमंत्रण

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर, लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020-21_PHED_116866	168/20-21	दमोह	41	58.74	59000/-	10000/-	3 माह
2.	2020-21_PHED_116867	169/20-21	पथरिया	81	116.61	116000/-	20000/-	3 माह
3.	2020-21_PHED_116869	170/20-21	हटा	102	152.19	152000/-	20000/-	3 माह
4.	2020-21_PHED_116870	171/20-21	पटेरा	96	141.14	141000/-	20000/-	3 माह
5.	2020-21_PHED_116871	172/20-21	बटियागढ़	72	106.79	107000/-	20000/-	3 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 13.01.2021 तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं **दिनांक 14.01.2021 को 17.30 बजे तक** प्राप्त की जावेंगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 16.01.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11.00 बजे एवं वित्तीय बिड **दिनांक 16.01.2021 अपरान्ह 13.30 बजे** खोली जावेगी।
दस्तावेज कार्यालय में 15.01.2021 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं।
निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
निविदा की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरान्त ही कार्यादेश किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-17449/44970/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, दमोह

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. विभाग, खण्ड मुरैना (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक 07532-233393

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग के नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं विस्तृत विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :- मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य।

क्र. एवं कार्य का विवरण :- 1. मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य (132 नग)।

निविदा क्रमांक	ई-निविदा सिस्टम क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
115/2020-21	2020_PHED_118873_1	177.00	177000/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

क्र. एवं कार्य का विवरण :- 2. मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य (125 नग)।

116/2020-21	2020_PHED_118896_1	167.26	167260/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

क्र. एवं कार्य का विवरण :- 3. मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य (125 नग)।

117/2020-21	2020_PHED_118918_1	163.24	163240/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

क्र. एवं कार्य का विवरण :- 4. मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य (125 नग)।

118/2020-21	2020_PHED_118928_1	164.58	164580/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

क्र. एवं कार्य का विवरण :- 5. मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाडियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय कार्य (125 नग)।

119/2020-21	2020_PHED_118933_1	76.26	76260/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल स्टार्ट तिथि - 17.12.2020
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल इंड तिथि - 13.01.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन बिड सबमिशन स्टार्ट तिथि - 17.12.2020
ई-निविदाएं ऑनलाइन बिड सबमिशन इंड तिथि - 13.01.2021

कार्यपालन यंत्री
जी-17460/44974/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड, मुरैना (म.प्र.)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग, (ओल्ड पलासिया) इंदौर

E-mail ID :- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 41/व.ले.लि./वि./यां/2020-21 इन्दौर, दिनांक : 04.01.21

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. वि./यां. उपसंभाग झाबुआ के अंतर्गत अलीराजपुर अनुभाग के गैर आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./मूल/लघुमूल/डिपॉजिट/अनुरक्षण के अंतर्गत विद्युतीकरण का कार्य।

टेण्डर नं.	जिला	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
5.	2021_PHED_121620	106	बाड़ी	विकासखण्ड बाड़ी के अंतर्गत 170 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	282.90
6.	2021_PHED_121623	107	औबेदुल्लागंज	विकासखण्ड औबेदुल्लागंज के अंतर्गत 170 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	282.90
7.	2021_PHED_121621	108	उदयपुरा	विकासखण्ड उदयपुरा के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	282.90

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायसेन

जी-17529/44984/2021

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) 10%, 5%, 20% की तीन क्रमिक छूटों के समतुल्य कौन सी एकल छूट है -
(a) 68.4 (b) 35
(c) 31.6 (d) 32
उत्तर - (c) 31.6
व्याख्या - माना अंकित मूल्य = 100 रुपये
∴ राशि में दी गई छूट = 100 x 0.90 x 0.95 x 0.80 = 68.4 रुपये
∴ कुल छूट = 100 - 68.4 = Rs. 31.6
∴ समतुल्य छूट = 31.6%

(2) एक परिवार के 5 सदस्यों का औसत वजन 67 किलोग्राम है। उनमें से चार सदस्यों का व्यक्तिगत वजन क्रमशः 65 किलोग्राम, 71 किलोग्राम, 63 किलोग्राम और 72 किलोग्राम है। तो उस परिवार के पांचवे सदस्य का वजन ज्ञात करें -
(a) 70 किलोग्राम
(b) 40 किलोग्राम
(c) 64 किलोग्राम
(d) 54 किलोग्राम
उत्तर - (c) 64 किलोग्राम
व्याख्या - माना कि पांचवे सदस्य का वजन x है।
दिया है, $[65 + 71 + 63 + 72 + x]/5 = 67$
$\Rightarrow 335 = 271 + x$
$\Rightarrow x = 64$
∴ पांचवे सदस्य का वजन 64 किलोग्राम है।

(3) कुल 8 विषयों के औसत अंक 74 गिने जाते थे। बाद में यह पता चला था कि 1 विषय के अंक 89 के बजाय 98 के रूप में गलत पढ़े गये थे। तो सही औसत क्या है?
(a) 68.75 (b) 70.25
(c) 72.875 (d) 75.67
उत्तर - (c) 72.875
व्याख्या - 8 विषयों के औसत अंक = 74
8 विषयों में कुल अंक = औसत अंक x विषयों की संख्या
$\Rightarrow$ 8 विषयों में कुल अंक = 74x8
8 विषयों में कुल अंक = 592
चूंकि 1 विषय के अंक को गलत पढ़ा गया था।
$\Rightarrow$ सही किये गये अंक = कुल अंक - गलत अंक + सही अंक
सही किये गये अंक = 592 - 98 + 89 = 583
∴ सही औसत = 583/8 = 72.875

(4) रेत और लोहे के बुरादे के 1 किलो के मिश्रण में रेत 25% है। रेत के अनुपात को 5% बनाने के लिए कितना लोहे का बुरादा मिलना चाहिए?
(a) 6 किलो
(b) 4 ग्राम
(c) 3 किलो
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (d) इनमें से कोई नहीं
व्याख्या - रेत और लोहे के बुरादे के 1 किलो के मिश्रण में रेत 25% है।
$\Rightarrow$ मिश्रण में रेत की मात्रा = 250 ग्राम
माना की x ग्राम लोहे का बुरादा मिलाया जाता है, तब मिश्रण की मात्रा $(1000 + x)$ ग्राम हो जाएगी।
∴ $(1000 + x)$ का 5% = 250
$\Rightarrow 1000 + x = 5000$
$\Rightarrow x = 4000$ ग्राम = 4 किलो
अतः रेत के अनुपात को 5% बनाने के लिए 4 किलो लोहे का बुरादा मिलाना चाहिए।

(5) T-20 क्रिकेट खेल में पहले 5 ओवरों में रन की दर 3.6 थी। तो शेष 15 ओवरों की रन की दर क्या होनी चाहिए जिससे 118 रनों का लक्ष्य पूरा किया जा सके?
(a) 3.3 (b) 4.8
(c) 5.4 (d) 6.6
उत्तर - (d) 6.6
व्याख्या - पहले 5 ओवरों में रन की दर = 3.6 चूंकि हम जानते हैं 1 ओवर में 6 गेंद खेली जाती हैं। पहले 5 ओवरों में बनाये गए रन = 18
दिए गए अनुसार -
कुल लक्ष्य रन 118 है।
शेष 15 ओवरों में 100 रन बनाये जाने हैं।
अंतिम 15 ओवरों की आवश्यक रन की दर = 100/15
∴ अंतिम 15 ओवरों की आवश्यक रन की दर = 6.6

(6) $x + y = 28$, $y + z = 22$, $z + x = 34$, x, y और z का औसत ज्ञात कीजिए।
(a) 30 (b) 14
(c) 16 (d) 20
उत्तर - (b) 14
व्याख्या - $x + y = 28$
$\Rightarrow y + z = 22$
$\Rightarrow z + x = 34$
सभी समीकरणों को जोड़ने पर,
$\Rightarrow x + y + y + z + z + x = 28 + 22 + 34$
$\Rightarrow 2(x + y + z) = 84$
$\Rightarrow (x + y + z) = 42$
∴ x, y और z का औसत
$\Rightarrow \frac{x+y+z}{3} = \frac{42}{3} = 14$

(7) द्रव A और द्रव B के 4:5 के अनुपात और 5:7 के अनुपात के दो मिश्रणों को बराबर मात्रा में मिलाया जाता है। नये मिश्रण में अनुपात ज्ञात कीजिये।
(a) 10:11 (b) 4:7
(c) 31:41 (d) 21:31
उत्तर - (c) 31:41
व्याख्या - माना मिलाये गये प्रत्येक मिश्रण की मात्रा 'x' लीटर है
नये मिश्रण में द्रव A की मात्रा = $4x/9 + 5x/12 = 31x/36$
नये मिश्रण में द्रव B की मात्रा = $5x/9 + 7x/12 = 41x/36$
∴ नये मिश्रण में अनुपात = $(31x/36) : (41x/36) = 31:41$

(8) प्रज्ज्वल ने 21,000 रुपये में वन प्लस खरीदा तथा उसने इसे वृशाली को 7 प्रतिशत छूट पर बेच दिया। लेन-देन में प्रज्जवल को 9 प्रतिशत का लाभ प्राप्त हुआ। वन प्लस का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) 24531 रुपये
(b) 24890 रुपये
(c) 24613 रुपये
(d) 21390 रुपये
उत्तर - (c) 24613 रुपये
व्याख्या - वन प्लस का लागत मूल्य = 21000 रुपये
प्रश्न में दी गई स्थिति के अनुसार,
109/100 x 21000 = 22890 रुपये
अर्जित लाभ = 22890 - 21000 = 1890 रुपये
प्रश्न में दी गई स्थिति के अनुसार,
1890 = 0.93 x अंकित मूल्य - 21000
$\Rightarrow$ 22890 = 0.93 x अंकित मूल्य
$\Rightarrow$ अंकित मूल्य = 24612.90 रुपये = 24613 रुपये
∴ अतः वन प्लस का अंकित मूल्य 24613 रुपये है।

(9) एक रिलायंस फ्रेश का खुदरा विक्रेता अपने सामानों को लागत मूल्य पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह 1 किलो वजन के बजाय 920 ग्राम वजन का उपयोग करता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए?
(a) 8.6956%
(b) 8.6356%
(c) 7.6596%
(d) 7.2556%
उत्तर - (a) 8.6956%
व्याख्या - सही वजन = 1000 ग्राम
गलत वजन = 920 ग्राम
गलती = सही वजन - गलत वजन = 1000 - 920 = 80 ग्राम
अब,
लाभ % = (गलती/सही मान-गलती) x 100
लाभ % = (80/920) x 100 = 8.6956%

(10) शिवम के पास 300 किलो चाय है। वह उसका कुछ भाग 20% लाभ पर बेच देता है और शेष को 5% हानि पर बेच देता है। यदि उसका कुल लाभ 10% है, तो 20% लाभ पर बेचा गया भाग कितना है?
(a) 60 किलो
(b) 120 किलो
(c) 180 किलो
(d) 150 किलो
उत्तर - (c) 180 किलो
व्याख्या - मान लीजिये 20% लाभ पर बेचा गया भाग x किलो है। तो 5% हानि पर बेचा गया भाग = $(300-x)$ किलो
प्रश्नानुसार दी गई शर्त,
$\Rightarrow (x \text{ x } 120/100) + (300 - x) \text{ x } 95/100 = 110 \text{ x } 300/100$
$\Rightarrow 6x/5 + 285 - 19x/20 = 330$
$\Rightarrow 5x/20 = 330 - 285$
$\Rightarrow x = (45 \text{ x } 20)/5$
$\Rightarrow x = 180$
∴ x = 180 किलो और (300 - 180) = 120 किलो
अतः 20% लाभ पर बेचा गया भाग 180 किलो है।

(11) छः संख्याओं का औसत 78 है। यदि पहली पांच संख्याओं का औसत 56 है, तो छठवीं संख्या का मान क्या है?
(a) 156 (b) 178
(c) 166 (d) 188
उत्तर - (d) 188
व्याख्या - छः अंकों का औसत = 78
$\Rightarrow$ छः अंकों का योग = 78 x 6 = 468
$\Rightarrow$ पहले पांच अंकों का औसत = 56
$\Rightarrow$ पांच अंकों का योग = 56 x 5 = 280
∴ छठवीं संख्या का मान = 468 - 280 = 188

(12) नि.लि. संख्याओं के औसत का 5/2 कितना होगा?
220, 324, 565, 102 और 110
(a) 264.2 (b) 559.3
(c) 660.5 (d) 454.6
उत्तर - (c) 660.5
व्याख्या - औसत = (पदों का कुल योग)/(पदों की संख्या)
संख्याएं 220, 324, 565, 102 और 110 है।
औसत = (220 + 324 + 565 + 102 + 110)/5
$\Rightarrow$ 1321/5 = 264.2
∴ औसत 264.2 है।
दिया गया है, औसत का 5/2 मान = (5/2) x 264.2
$\Rightarrow$ 1321/2 = 660.5
∴ औसत का 5/2 मान 660.5 है।

(13) क्रिसमस के कारण बेकरी-मालिक ने 500 रुपये मूल्य के केक को 425 रुपये में बेचने का निर्णय लिया है। वह ग्राहक को कितनी प्रतिशत छूट देता है?
(a) 15 (b) 12
(c) 10 (d) 18
उत्तर - (a) 15
व्याख्या - केक का अंकित मूल्य = 500 रुपये
विक्रय मूल्य = 425 रुपये
दी गयी छूट = अंकित मूल्य - विक्रय का मूल्य = 500 - 425 = 75 रुपये
∴ छूट % = (75/500)x100 = 15 प्रतिशत

(14) एक व्यक्ति आमों को क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य पर बेचता है लेकिन वह 1 किग्रा के स्थान पर 800 ग्राम का उपयोग करता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिये।
(a) 50% (b) 60%
(c) 40% (d) 75%
उत्तर - (a) 50%
व्याख्या - माना 1 ग्राम आम का क्रय मूल्य = 1 रुपये
1 किग्रा (1000 ग्राम) आमों का क्रय मूल्य = 1000 रुपये
800 ग्राम आमों का क्रय मूल्य = 800 रुपये
1 किग्रा आमों का विक्रय मूल्य = 1 किग्रा आमों के क्रय मूल्य का 120% = 1000 का 120% = 1200 रुपये
∴ लाभ प्रतिशत = (1200 - 800)/800 x 100 = 400/800 x 100 = 50%

(15) एक दुकानदार 500 रुपये मूल्य वाली घड़ी 700 रुपये में बेचता है, तब लेनदेन में अर्जित लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(a) 40 (b) 80
(c) 60 (d) 25
उत्तर - (a) 40
व्याख्या - घड़ी का मूल्य = 500 रुपये
विक्रय मूल्य = 700 रुपये
∴ अर्जित लाभ % = (700 - 500/500) x 100 = 40%

(16) एक कक्षा में लड़के और लड़कियों का अनुपात 3:5 है। यदि लड़कों का औसत वजन 40 किलो और कक्षा का औसत वजन 35 किलो है, तो लड़कियों का औसत वजन क्या है?
(a) 30 किलो (b) 32 किलो
(c) 34 किलो (d) 38 किलो
उत्तर - (b) 32 किलो
व्याख्या - माना कि लड़कियों का औसत वजन x किलो है।
(40-35) : (35- x) = 5:3
$\Rightarrow$ 5 : (35- x) = 5:3
$\Rightarrow$ 35- x = 3
$\Rightarrow x = 32$

(17) एक दुकानदार किसी विशिष्ट वस्तु का 1/3 हिस्सा 16 प्रतिशत लाभ पर, 3/5 हिस्सा 19.5 प्रतिशत लाभ पर और शेष को 25 प्रतिशत लाभ पर बेचता है। कुल लाभ प्रतिशत क्या होगा?
(a) 18.7 (b) 17.6
(c) 19.2 (d) 20
उत्तर - (a) 18.7
व्याख्या - माना कुल वस्तुएं 15 हैं और प्रत्येक वस्तु का लागत मूल्य x रुपये है।
5 वस्तुओं का विक्रय मूल्य = $[(116/100) \text{ x } 5x]$ रुपये
9 वस्तुओं का विक्रय मूल्य = $[(119.5/100) \text{ x } 9x]$ रुपये
1 वस्तु का विक्रय मूल्य = $[(125/100) \text{ x } x]$ रुपये
कुल विक्रय मूल्य = $[(116/100) \text{ x } 5x] + [(119.5/100) \text{ x } 9x] + [(125/100) \text{ x } x] = (17805x/1000)$ रुपये
∴ कुल लाभ प्रतिशत = $[\{(17805/1000) - 15\}x/15x] \text{ x } 100 = 18.7\%$

(18) हैना ने 20 किलो गेहूं को 8.50 रुपये प्रति किलो की दर से और 35 किलो को 8.75 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा उसने दोनों को मिला दिया तो क्रय मूल्य पर 40% लाभ अर्जित करने के लिए उसे मिश्रण के प्रति किलो को किस कीमत पर बेचना चाहिए?
(a) 12 रुपये (b) 15 रुपये
(c) 16 रुपये (d) 9 रुपये
उत्तर - (a) 12 रुपये
व्याख्या - क्रय मूल्य = 20 x 8.5 + 35 x 8.75 = 476.25
लाभ = 40%
प्रति किलो मिश्रण का विक्रय मूल्य = (100 + लाभ %)/100 x क्रय मूल्य
$= \frac{100+40}{100} \times 476.25 = 666.75$
कुल मात्रा = 20 + 35 = 55 किलो
प्रति किलो विक्रय मूल्य
$= \frac{666.75}{55} \approx 12$ (लगभग)
∴ मिश्रण का विक्रय मूल्य 12 रुपये प्रति किलो है।

(19) पिता की वर्तमान आयु 50 वर्ष है। उसके पुत्र के जन्म के समय उसकी आयु उसके पुत्र की वर्तमान आयु के बराबर थी। दस वर्ष पहले पुत्र की आयु क्या थी?
(a) 12 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) 25 वर्ष
उत्तर - (b) 15
व्याख्या - मान लें कि पुत्र की वर्तमान आयु x वर्ष है।
पुत्र के जन्म के समय पिता की आयु = पुत्र की वर्तमान आयु
∴ $50 - x = x$
$\Rightarrow 50 = 2x$
$\Rightarrow x = 25$
∴ दस वर्ष पहले पुत्र की आयु = (25 - 10) = 15 वर्ष

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

दृष्टिबाधितों में संचार का अहम माध्यम है ब्रेल लिपि

विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यू. एच.ओ. के अनुसार दुनियाभर में लगभग दो अरब से अधिक लोग किसी ना किसी रूप में दृष्टिबाधिता, मंददृष्टि या नेत्रहीनता से ग्रसित हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि दृष्टिविकार से ग्रसित लोगों के गरीबी और अभाव भरे जीवन से पीड़ित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। नेत्रहीनता से उनको आजीवन असमानता, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार में अवसरों में रुकावट या बाधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए विश्व ब्रेल दिवस दृष्टिबाधितों और आंशिक रूप से देखने वाले लोगों के लिए मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति में संचार के साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। नवंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा ने नेत्रहीनों और मंददृष्टि के शिकार लोगों के मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी, जिसे वर्ष 2021 में तीसरी बार मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में पहला आधिकारिक विश्व ब्रेल दिवस वर्ष 2019 में 4 जनवरी को मनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा का मानना है कि दृष्टिबाधितों के मूलभूत अधिकारों के प्रसार के लिए ब्रेल लिपि अहम भूमिका निभाने में सक्षम है। ब्रेल लिपि एक ऐसी स्पर्शनीय संचार प्रणाली है, जिसने नेत्रहीनों और दृष्टिबाधिता से पीड़ित लोगों को उनके अधिकारों का लाभ उठाने में मदद की है। ब्रेल लिपि में हर अक्षर, नंबर, संगीत और गणितीय चिन्हों को छह बिन्दुओं के माध्यम से दर्शाया जाता है जिन्हें कई तरह से क्रमों में संयोजित किया जा सकता है और उनके ऊपर उंगलिया चलाकर पढ़ा जा सकता है।

ब्रेल लिपि का विकास

ब्रेल लिपि का नाम 19वीं शताब्दी के फ्रांस के महान आविष्कारक लुई ब्रेल के नाम पर रखा गया है। लुई ब्रेल ने सर्वप्रथम 6 बिन्दुओं के उपयोग से 64 अक्षर और चिन्ह वाली लिपि बनायी थी। इस लिपि का प्रयोग कर विराम चिन्ह, गणितीय चिन्ह और संगीत के नोटेशन भी लिखे जा सकते थे। इस कला को 1821 में खोजा गया था तथा वर्ष 1825 से इसे दुनियाभर में प्रयोग में लाया जाने लगा। इस लिपि का उपयोग दृष्टिबाधित और आंशिक रूप से देखने वाले लोगों द्वारा दृश्य फॉन्ट में मुद्रित पुस्तकों और पत्रिकाओं को पढ़ने के लिए किया जाता है। शारीरिक अक्षमता से पीड़ितों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र संधि (CPRD) के अंतर्गत ब्रेल लिपि को संचार का माध्यम माना गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा कहा गया है कि यह एक ऐसा माध्यम है जो शिक्षा, अभिव्यक्ति और विचारों की आजादी, सूचना पहुंचाने और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए बहुत जरूरी है। विश्व में लगभग चार करोड़ लोग अंधेपन का शिकार हैं, जबकि लगभग 25 करोड़ से अधिक किसी न किसी रूप में दृष्टिबाधिता से पीड़ित हैं। ऐसे लोगों के लिए ब्रेल लिपि एक ऐसा महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे नेत्रहीनता और मंददृष्टि के शिकार लोग आम जानकारी को पढ़ और समझ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से 2019 अक्टूबर में एक नई रिपोर्ट जारी की गई थी, जो नेत्रों से जुड़ी समस्याओं पर पहली रिपोर्ट थी। उस रिपोर्ट के अनुसार एक अरब से ज्यादा लोग नेत्र की ऐसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनका इलाज संभव है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट 'वर्ल्ड रिपोर्ट ऑन विज़न' के अनुसार दृष्टिबाधिता का बोझ निम्न और मध्य आय वाले देशों में ज्यादा दिखाई देता है। डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में ऐसे तथ्य दर्शाए हैं, जो बताते हैं कि आंखों की समस्याएं जीवनशैली में आए बदलावों से भी बढ़ रही हैं। इनमें विशेष तौर पर टीवी, मोबाइल और कम्प्यूटर स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से होने वाली समस्याएं भी शामिल हैं।

- आधुनिक ब्रेल लिपि में 8 डॉट्स के सेल का प्रयोग किया जाता है, जिससे अधिक से अधिक शब्दों को पढ़ने की सुविधा उपलब्ध हो सके।
- ब्रेल लिपि में बने डॉट्स की औसतन ऊंचाई 0.02 इंच होती है। आठ डॉट्स वाले ब्रेल लिपि सेल में अब 64 की बजाय 256 अक्षर, संख्या और विराम चिन्हों को पढ़ने के लिए उपयोग में लाया जाता है।
- ब्रेल लिपि को स्लेट पर या ब्रेल टाइपराइटर पर भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल

दुनिया भर में विश्व ब्रेल दिवस चार जनवरी के दिन लुई ब्रेल की याद में मनाया जाता है, इन्हें नेत्रहीनों के मसीहा के रूप में भी याद किया जाता है। फ्रांस की राजधानी पेरिस से 40 किलोमीटर दूर कुप्रे नामक गांव में 4 जनवरी 1809 को जन्में लुई ब्रेल ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए वह काम किया, जिसके कारण आज दृष्टिबाधित शिक्षित हैं, समाज की मुख्यधारा से जुड़े हैं, स्कूलों-कॉलेजों में दूसरे विद्यार्थियों की तरह पढ़ सकते हैं और व्यापार कर सकते हैं। लुई की मां मोनिक ब्रेल घर का कामकाज संभालती थीं और पिता सायमन ब्रेल घोड़ों की जीन बनाने का एक कारखाना चलाते

थे। तीन साल की छोटी उम्र में पिता साइमन रेले के साथ काम करते हुए लुई वहां रखे औजारों से खेल रहे थे इस दौरान लुई की आंख में एक औजार लग गया। चोट लगने के बाद उनकी आंख से खून निकलने लगा, परिवार के लोगों ने इसे मामूली चोट समझकर आंख पर पट्टी बांध दी और इलाज करवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिससे घाव गहरा होता गया और उनकी एक आंख की रोशनी चली गई धीरे-धीरे संक्रमण के बाद उनके दूसरे आंख की रोशनी चली गई और वह पूर्णता दृष्टिहीन हो गए। लुई की शिक्षा के प्रति रुचि को देखते हुए 10 वर्ष की उम्र में उनके पिता ने एक स्थानीय पादरी की मदद से उन्हें पेरिस के रॉयल नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड चिल्ड्रेन में भर्ती करवा दिया। पेरिस के इस इंस्टीट्यूट में 'valenteen hau' द्वारा बनाई गयी लिपि से पढ़ाई होती थी। इस इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए मात्र 15 वर्ष की उम्र में लुई ब्रेल ने अपनी योग्यता से इतिहास, भूगोल और गणित विषय में महारथ हासिल कर ली। इंस्टीट्यूट में अध्ययन के दौरान ब्रेल लिपि का विचार लुई के दिमाग में फ्रांस की सेना के कैप्टन चार्ल्स बार्बियर से मुलाकात के बाद आया। वे चार्ल्स बार्बियर से मिले और उनसे सोनोग्राफी तथा नाइट राइटिंग तकनीक के बारे में जाना। यह लिपि कागज पर अक्षरों को उभारकर बनायी जाती थी और इसमें 12 बिन्दुओं को 6-6 की दो पंक्तियों में रखा जाता था, पर इसमें विराम चिन्ह, संख्या, गणितीय चिन्ह आदि का आभाव था। इसी तकनीक को आधार बनाकर वर्ष 1821 में उन्होंने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया, जिसने नेत्रहीनों की शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी। 12 डॉट्स वाली लिपि की जगह उन्होंने ब्रेल लिपि में 6 डॉट्स का प्रयोग किया, जिससे कि यह भाषा नेत्रहीनों के लिए ज्यादा सुगम हो सके। लुई ने न केवल अक्षरों और अंकों को बल्कि सभी चिन्हों को भी लिपि में सहेज कर लोगों के सामने प्रस्तुत किया। 1851 में लुई को टीबी की बीमारी हो गई, जिससे उनकी तबियत बिगड़ने लगी और 6 जनवरी 1852 को मात्र 43 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। लुई ब्रेल के निधन के बाद वर्ष 1868 में रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ ने इस लिपि को मान्यता दी थी। भारत में ब्रेल लिपि को साल 1950 के बाद अपनाया गया। दृष्टिहीनों के लिए 1784 में पेरिस में दुनिया का पहला रॉयल इंस्टीट्यूशन फार ब्लाइंड यूथ खुला। इसके बाद इंग्लैण्ड और अमेरिका में दृष्टिहीन विद्यालय खुले, जबकि भारत में पहला दृष्टिहीन विद्यालय 1886 में अमृतसर में खोला गया था। देहरादून स्थित केंद्रीय ब्रेल प्रेस न केवल भारत की पहली यूनिट है, बल्कि एशिया में भी सबसे पुरानी और बड़ी ब्रेल प्रेस में शामिल है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय दिव्यांगों के सशक्तिकरण संस्थान के तहत 1952 में की गई थी। रांची में देश की पहली ब्रेल स्मार्ट क्लास 2018 में शुरू हुई। जहां एनी नामक ब्रेल टीचिंग डिवाइस से पढ़ाई होती है।

> दृष्टिहीनता उस अवस्था को कहा जा सकता है जहां किसी भी व्यक्ति में दृष्टिगोचरता का पूर्ण अभाव हो या सुधारक लेन्सों के साथ बेहतर आंख में 6/60 या 20/200 स्नेलन से अनधिक दृष्टि की तीक्ष्णता हो या दृष्टि क्षेत्र की सीमा का 20 डिग्री के कोण के कक्षांतरकारी हो या इससे अधिक दृष्टि खराब हो। वहीं कम दृष्टिता वाले व्यक्ति का आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसके उपचार या मानक उपवर्धनीय सुधार संशोधन के बावजूद दृष्टि संबंधी कृत्य का ह्रास हो गया हो और जो समुचित सहायक युक्ति से किसी कार्य की योजना या निष्पादन के लिए दृष्टि का उपयोग करता हो या उपयोग करने में संभाव्य रूप से समर्थ हो। जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देशभर में निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांगजन) की संख्या 2.68 करोड़ है। ये देश की कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत हिस्सा है। निःशक्तजनों में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, वाक्बाधित, अस्थिबाधित और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति शामिल हैं। निःशक्त (दिव्यांग) से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा यथाप्रमाणित किसी निःशक्तता से कम से कम 40 प्रतिशत से ग्रस्त है। दिव्यांगों की कई श्रेणियां हैं, उन्हीं में से एक है दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों की श्रेणी। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में दृष्टिबाधित लोगों की कुल संख्या 50,33,431 है। इसमें से 26,39,028 पुरुष और 23,94,403 महिला हैं।

दुनिया में कम हुई ट्रेकोमा बीमारी

ट्रेकोमा आंखों का एक रोग है जो 'क्लामिड्या ट्रेकोमैटिस' नामक बैक्टीरिया के संक्रमण की वजह से होता है। संक्रमित व्यक्ति की आंखों और नाक से संक्रमणकारी स्राव होने और उसके संपर्क में आने से यह बीमारी होती है। इस बैक्टीरिया से संक्रमित लोगों की आंखों और नाक के संपर्क में आने वाली मक्खियां भी इसे फैलाती हैं। बच्चे अहम रूप से इस संक्रमण के वाहक होते हैं। ट्रेकोमा के मामले अब भी 44 देशों में देखने को मिलते हैं। विश्व भर में 19 लाख लोग इसके कारण दृष्टिहीनता या दृष्टिबाधिता से पीड़ित हैं। वैश्विक स्तर पर दृष्टिहीनता का प्रमुख कारण ट्रेकोमा संक्रमण का जोखिम झेल रहे लोगों की संख्या में 17 वर्षों में 91 फ़ीसदी की गिरावट हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वर्ष 2002 में 1.5 अरब लोग ट्रेकोमा संक्रमण के ख़तरे का सामना कर रहे थे, लेकिन 2019 में यह आंकड़ा 14 करोड़ पर आ गया है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) के दो छात्रों ने ब्रेल-टैब बनाया है। इसे 'ई-विजन' नाम दिया गया। इस पर ब्रेल लिपि में नक्शों के साथ ही ग्राफ और टेक्स्ट पढ़ना भी संभव है। अब तक बाजार में उपलब्ध ब्रेल टैब के डिस्प्ले पर एक बार में एक ही पंक्ति ब्रेल लिपि में उपलब्ध हो सकती थी। 'ई-विजन' में पूरा डिस्प्ले एक ही ब्रेल में उपलब्ध हो जाता है। इस टैब की कीमत काफी कम है। इस नवाचार को नैसकॉम फाउंडेशन और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की ओर से 'इनोवेट फॉर एन ऐक्सेसिबल इंडिया' पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। यह पुरस्कार दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से प्रदान किया गया है।
- नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग यानी एनसीईआरटी ने अभिनव पहल की है। इस पहल के तहत एनसीईआरटी ने 40 पुस्तकों की एक श्रृंखला का विमोचन किया है। प्रत्येक 40 पुस्तकें प्रिंट और डिजिटल दोनों में मौजूद हैं। डिजिटल वर्जन मूक-बधिर छात्रों के लिए है। नेत्रहीन छात्रों के लिए ब्रेल लिपि में पुस्तकें छापी गई हैं। इन किताबों को वरखा सीरीज के तहत प्रकाशित किया गया है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास पर मंत्रियों से की चर्चा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोलार डैम स्थित वन विभाग के विश्राम गृह में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ प्रदेश के विकास, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के त्वरित क्रियान्वयन, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, सुशासन, जनकल्याण आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने मंत्रियों द्वारा की गई विभागीय तैयारियों को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तथा कहा कि यदि इसी उत्साह एवं गति के साथ प्रदेश में कार्य होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा।

मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में विभिन्न माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। हाल ही में लाया गया धर्म स्वातंत्र्य अध्यादेश बेटियों के लिए वरदान साबित होगा। पत्थरबाजी के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही के लिए सरकार शीघ्र ही नया कानून लाएगी। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को विभागीय गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुशासन का अर्थ है जनता को बिना लिए-दिए सेवाएं नियत समयावधि में प्राप्त हो जाएं। इसके लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़ें। प्रदेश में लोक सेवा गारंटी योजना का अच्छा क्रियान्वयन हो रहा है।

आयुष्मान योजना के एक करोड़ 70 लाख से अधिक कार्ड

श्री चौहान ने स्वास्थ्य मंत्री श्री प्रभुराम चौधरी से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हर गरीब को वर्ष में पाँच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह प्रसन्नता का विषय है कि इस योजना की मध्यप्रदेश में अच्छा क्रियान्वयन हुआ है तथा एक करोड़ 70 लाख से अधिक कार्ड बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जाए, जिससे वे इसका पूरा लाभ ले सकें।

मालवा क्षेत्र में इस वर्ष दो हजार नई इकाइयां

मुख्यमंत्री को चर्चा के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओ.पी. सखलेचा ने बताया कि इन्दौर के पास फर्नीचर, कन्फेक्शनरी, रेडीमेट गारमेंट आदि के क्लस्टर विकसित किये जा रहे हैं। मालवा क्षेत्र में इस वर्ष के अंत तक लगभग दो हजार औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो जाएंगी, जिनसे एक लाख लोगों को रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हर जिले में अधिक से अधिक निवेश लाने के प्रयास किए जाएं। भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, ग्वालियर को आई.टी. पार्क को और विकसित किया जाएगा।

महापुरुषों के नाम पर हों महाविद्यालयों के नाम

श्री चौहान ने उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव से चर्चा के दौरान कहा कि मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों के नाम हमारे महापुरुषों के नाम पर होने चाहिए। श्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि मध्यप्रदेश भारत का एकमात्र राज्य है, जहां कोरोना काल में स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाएं संचालित हुईं। प्रदेश में आगामी समय में 200 नए महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने की योजना है।

मध्यप्रदेश के वन देते हैं अन्य राज्यों को ऑक्सीजन

मुख्यमंत्री को वन मंत्री श्री विजय शाह ने चर्चा के दौरान बताया कि मध्यप्रदेश के वन अन्य राज्यों को शुद्ध वायु तथा ऑक्सीजन देते हैं। हाल ही में अंडमान निकोबार सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को पेड़ लगाने के लिए 500 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। हमारे राष्ट्रीय उद्यानों में अब दोगुना पर्यटक 'बफर में सफर' का आनंद ले रहे हैं। पेंच, बांधवगढ़ व सतपुड़ा नेशनल पार्क में 'नाइट सफारी' चालू हो गई हैं। कई स्थानों पर 'हॉट एयर बैलून' चालू किए गए हैं। मध्यप्रदेश जो पहले केवल 'टाइगर स्टेट' था अब 'लियोपार्ड स्टेट' तथा 'घड़ियाल स्टेट' बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। गिद्धों के संरक्षण का कार्य भी हो रहा है। वनों से रोज़गार की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। वन क्षेत्रों में मत्स्य पालन के लिए तालाबों के पट्टे निःशुल्क दिए जा रहे हैं।

आई.टी. आधारित आपदा राहत सर्वे हो

श्री चौहान ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में आपदा नुकसानी आदि का आई.टी. आधारित सर्वे किया जाए, इससे कार्य त्वरित एवं त्रुटिहीन होगा। पटवारियों को लैपटॉप दिए जा रहे हैं।

खेल चर्चा

समीर दाद बने खेलो इंडिया टीआईडीएस के सदस्य

नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके समीर दाद को खेलो इंडिया योजना की टैलेंट आइडेंटीफिकेशन डेवलपमेंट कमेटी (टीआईडीएस) का सदस्य बनाया गया है। समीर दाद को हॉकी खेल के लिये देशभर से ऐसी प्रतिभाओं को तलाशने की जिम्मेदारी दी गई है, जो वर्ष 2024 और 2028 या उसके बाद आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इस संबंध में समीर दाद को पत्र लिखा है। समीर देशभर में चल रही हॉकी प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं की खोज कर साई को प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सूची देंगे।

जिम्बाब्वे ने सभी क्रिकेट गतिविधियों पर लगाई रोक

हरारे, जिम्बाब्वे में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के बाद सभी तरह की क्रिकेट गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। जिम्बाब्वे सरकार की नई कोरोना गाइड लाइन के कारण क्रिकेट गतिविधियों को स्थगित किया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि यह काफी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन जिम्बाब्वे क्रिकेट का लक्ष्य सभी प्रभावित टूर्नामेंट्स का कार्यक्रम दोबारा तैयार करना है। उल्लेखनीय है कि जिम्बाब्वे में कोरोना के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काफी समय से बंद है।

टेस्ट सीरीज से बाहर हुये के.एल. राहुल

सिडनी, भारत के सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली जा रही चार मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि के.एल. राहुल अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये हैं। राहुल के बाएं हाथ की कलाई में स्प्रेन आ गया है, जिसके चलते वे सीरीज के बचे हुये दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हो गये हैं। राहुल को चोट से उबरने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लगेगा।

टेनिस खिलाड़ी बास्कोवा पर लगा 12 वर्ष का प्रतिबंध

लंदन, स्लोवाकिया की महिला टेनिस खिलाड़ी डगमारा वास्कोवा पर मैच फिक्सिंग के आरोपों के बाद 12 वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। टेनिस इंटिग्रिटी यूनिट (टीआईयू) ने कहा कि वर्ष 2017 में वास्कोवा ने पांच मैचों में मैच फिक्सिंग की थी। वास्कोवा ने अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार किये हैं, इसलिये उन्हें 12 वर्ष तक टेनिस से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा वास्कोवा पर 40 हजार डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिये अफगान टीम घोषित

काबुल, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने आयरलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की वन-डे सीरीज के लिये टीम का ऐलान किया है। सीरीज के मैच 18, 21 और 23 जनवरी को ओमान के अल अमेरात क्रिकेट ग्राउंड में खेले जायेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की कमान असगर अफगान को सौंपी गई है, वहीं राशिद खान टीम के उपकप्तान होंगे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बनी नंबर-वन

क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गई है। यह पहला अवसर है, जब न्यूजीलैंड ने टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे स्थान पर काबिज है। न्यूजीलैंड ने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीतकर हासिल की है।

ऑस्ट्रेलिया को शीर्ष से हटाया

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ते हुये शीर्ष स्थान हासिल किया है। रैंकिंग में न्यूजीलैंड के 118 रेटिंग अंक हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 116 अंक लेकर दूसरे, भारत 114 अंकों के साथ तीसरे, इंग्लैंड 106 अंकों के साथ चौथे स्थान पर काबिज है। रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका (96) पांचवें, श्रीलंका (86) छठवें, पाकिस्तान (82) सातवें, वेस्टइंडीज (77) आठवें, तथा बांग्लादेश (55) नौवें स्थान पर है।

आईसीसी ने ट्वीट कर बताया कि न्यूजीलैंड आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने वाला कुल सातवां देश है। न्यूजीलैंड की टीम पिछले दो वर्षों में टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर काबिज होने के करीब पहुंची थी, लेकिन दूसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाई थी। इस बार न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है।

टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की दौड़ में न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर आ गई है। टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया पहले और भारत दूसरे स्थान पर काबिज है। टेस्ट चैंपियनशिप की शीर्ष दो टीमें चैंपियनशिप का फाइनल खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया, भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंकों का ज्यादा फासला नहीं है, ऐसे में न्यूजीलैंड अभी भी फाइनल की दौड़ में बरकरार है। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में अंक तालिका में वरीयता का फैसला अंकों की जगह जीत प्रतिशत से होता है। चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड ने सर्वाधिक 420 अंक हासिल किये हैं, लेकिन उसका जीत प्रतिशत 70 है, जो ऑस्ट्रेलिया (76.7) और भारत (72.2) से कम है।

पाकिस्तान को किया क्लीन स्वीप

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भी न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट मैच पारी और 176 रन से जीता। मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 297 रन बनाये।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने कप्तान केन विलियम्सन के शानदार दोहरे शतक (238), हेनरी निकोल्स (157) तथा डेरिल मिशेल (102) के शतकों की बदौलत पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 659 रन बनाकर पारी घोषित की तथा 362 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये और 186 रनों पर ऑल आउट हो गये।

ला लीगा में

मेसी ने बार्सिलोना के लिये खेला 500वां मैच

बार्सिलोना, अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। मेसी ला लीगा में 500 मैच खेलने वाले पहले गैर स्पेनिश फुटबॉलर बन गये हैं। मेसी ने ला लीगा में बार्सिलोना के लिये 500वां मैच हेस्का क्लब के खिलाफ खेला है। यह बार्सिलोना के लिये मेसी का कुल 750वां मैच था। मेसी अब तक बार्सिलोना के लिये 644 गोल कर चुके हैं। ला लीगा में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड स्पेन के पूर्व गोलकीपर एंथोनी जुबिजारेता के नाम है। जुबिजारेता ने ला लीगा में कुल 662 मैच खेले हैं।

मारकाना में वॉक ऑफ फेम से जुड़े नेमार

रियो डि जेनेरियो, ब्राजील के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी नेमार जूनियर मारकाना स्टेडियम में प्रतिष्ठित वॉक ऑफ फेम से जुड़ गये हैं। नेमार पिछले महीने फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन की ओर से खेलते हुये टखने में चोट लगने के बाद ब्राजील लौटे और मारकाना स्टेडियम का दौरा किया। नेमार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं फुटबॉल में इतिहास रचकर और मारकाना स्टेडियम में अपनी छाप छोड़ने वाले महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गर्व महसूस कर रहा हूं। नेमार से पहले ब्राजील के पेले, गारिंचा, जिको, रोमारियो, सोक्रेरेट्स, रोनाल्डिन्हो और रोनाल्डो भी मारकाना वॉक ऑफ फेम में शामिल हो चुके हैं। नेमार ने ब्राजील के लिये अब तक 103 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, इन मैचों में उन्होंने 64 गोल किये हैं।

फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने रोनाल्डो

टोरीनो, पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोनाल्डो फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले दुनिया के दूसरे फुटबॉलर बन गये हैं। रोनाल्डो ने सर्वाधिक गोल करने के मामले में ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को पीछे छोड़ा है। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि इटैलियन फुटबॉल लीग सीरी-ए में जुवेंट्स के लिये खेलते हुये यूडिनीस के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। इस मैच में रोनाल्डो ने 31वें और 70वें मिनट में गोल दागा। रोनाल्डो के इन गोलों की मदद से जुवेंट्स ने यूडिनीस को 4-1 से हराया।

यह रोनाल्डो का फुटबॉल में 758वां गोल है। रोनाल्डो ने इनमें से 656 गोल

क्लब स्तर पर किये हैं, जबकि राष्ट्रीय टीम के लिये 102 गोल किये हैं। वहीं पेले ने फुटबॉल में कुल 757 गोल किये हैं। इनमें 680 गोल क्लब स्तर पर तथा 77 अंतर्राष्ट्रीय गोल हैं। फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड चेक गणराज्य के जोसेफ बिकॉन के नाम है।

दक्षिण अफ्रीका ने 10 विकेट से जीता दूसरा टेस्ट मैच

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका ने कोरोना काल के बाद क्रिकेट के मैदान में शानदार वापसी की है। दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज के दूसरे और अंतिम मैच में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया।

दूसरे मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पहली पारी में कुशल परेरा (60 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज डटकर बल्लेबाजी नहीं कर पाया। श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 157 रनों पर ऑल आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के लिये एनरिक नार्त्जे ने 56 रन देकर 6 विकेट लिये।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (127) तथा रैसी वान डर डुसेन (67) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पहली पारी में 302 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी टीम को पहली पारी में 145 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी श्रीलंका के बल्लेबाज लय में नहीं दिखे। हालांकि सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली। लेकिन अन्य बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण श्रीलंकाई टीम दूसरी पारी में 211 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में जीत के लिये 67 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाजों ने आसानी से हासिल कर लिया।

आठवीं राष्ट्रीय कैनो स्लालॉम चैंपियनशिप

मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण और दो रजत पदक

खरगोन, जिले के महेश्वर स्थित सहस्त्रधारा पर आयोजित आठवीं राष्ट्रीय कैनो स्लालॉम चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स क्याकिंग कैनोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और दो रजत सहित कुल 5 पदक अर्जित किए हैं। एशियन चैंपियनशिप एवं ओलिंपिक क्वालिफाय के सिलेक्शन ट्रायल के लिये प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

प्रतियोगिता के पहले दिन मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स क्याकिंग कैनोइंग अकादमी के खिलाड़ी राजा केवट ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। राजा केवट ने यह पदक पुरुष वर्ग की केनो-1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीता। उन्होंने 84.84 सेकेंड का समय लेकर रेस पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के-1 मेन इवेंट में अकादमी के खिलाड़ी धीरज कीर ने 81.81 सेकेंड का समय लेकर रेस जीती और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि सी-1 वूमेन इवेंट में अकादमी की खिलाड़ी जहान्वी श्रीवास्तव ने 123.82 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जहान्वी श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता की के-1 वूमेन स्पर्धा में 103.97 सेकेंड का समय लेकर एक रजत पदक भी अर्जित किया। अकादमी के खिलाड़ी अमित विश्वकर्मा ने बालक वर्ग की के-1 स्पर्धा 94.66 सेकेंड का समय लेकर पूरी की और एक रजत पदक प्राप्त किया।

चैंपियनशिप में देश के 70 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं, जिनमें अकादमी के 14 खिलाड़ी शामिल हैं। अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय कैनो स्लालॉम प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों ने पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया।

संचालक खेल और युवा कल्याण श्री पवन जैन ने बताया कि खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया जी की पहल पर महेश्वर में 11 मार्च, 2016 को देश के पहले प्राकृतिक स्लालॉम कोर्स का शुभारंभ हुआ। जिसका प्रदेश के खिलाड़ियों को लाभ मिल रहा है। वाटर स्पोर्ट्स क्याकिंग कैनोइंग अकादमी के प्रशिक्षक श्री देवेंद्र गुप्ता, श्री अंकुर शर्मा और श्री प्रिंस परमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

हर्शल गिब्स बने कराची किंग्स के मुख्य कोच

कराची, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज हर्शल गिब्स को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की टीम कराची किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। गिब्स पूर्व कोच डीन जोंस की जगह लेंगे। कराची किंग्स ने गिब्स को मुख्य कोच बनाये जाने की जानकारी ट्विटर के जरिये दी। कराची किंग्स ने कहा कि गिब्स ने अपनी आक्रामकता और जुनून से क्रिकेट को खेलने का तरीका बदला है और यही चीज कोचिंग में भी की। उल्लेखनीय है कि हर्शल गिब्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिये 90 टेस्ट मैचों में 6167 रन बनाये हैं, इनमें 14 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 248 वन-डे मैचों में 8094 रन, 21 शतक और 37 अर्धशतक बनाये हैं। हर्शल गिब्स के नाम वन-डे क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में लहराया भारत का तिरंगा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को अस्थायी सदस्य का दर्जा मिलने के साथ ही भारत का तिरंगा भी लहराया। समारोह

पूर्वक पांच अस्थायी सदस्य देशों के साथ तिरंगा सम्मान पूर्वक लहराया गया। चार जनवरी को आधिकारिक रूप से पहला कार्य दिवस माना गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने संक्षिप्त संबोधन के साथ तिरंगा लगाने की प्रथा का पालन किया। ज्ञात रहे कि भारत के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नॉर्वे, केन्या, आयरलैंड और मैक्सिको को दो वर्ष के लिये अस्थायी सदस्य के तौर पर चुना गया है।

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के रेवाड़ी-मदार खंड को

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के 306 किलोमीटर लंबे रेवाड़ी-मदार खंड को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इस मार्ग पर डबल स्टैक लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के महायज्ञ ने आज एक नई गति प्राप्त की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर 21वीं सदी में भारत के लिए गेम चेंजर परियोजना साबित होगी। उन्होंने कहा कि न्यू भाऊपुर-नई खुर्जा खंड के शुभारंभ के बाद से उस विशेष खंड में मालगाड़ी की औसत गति बढ़कर तीन गुना हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के न्यू अटेली से राजस्थान के न्यू किशनगंज तक पहली डबल स्टैक्ड कंटेनर मालगाड़ी के रवाना होने से भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आधुनिक मालगाड़ियों के लिए न केवल एक मार्ग है, बल्कि देश के तेजी से विकास के लिए एक गलियारा भी है। उन्होंने कहा कि ये कॉरिडोर देश के विभिन्न शहरों में नए



विकास केंद्रों और विकास बिंदुओं के उभरने का आधार बनेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर ने यह भी दिखाना शुरू कर दिया है कि वे कैसे देश के विभिन्न हिस्सों की ताकत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर हरियाणा और राजस्थान में खेती और संबद्ध व्यवसाय को आसान बनाएगा तथा महेंद्रगढ़, जयपुर, अजमेर और सीकर जैसे शहरों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इन राज्यों की विनिर्माण इकाइयों और उद्यमियों को बहुत कम लागत पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेज पहुंच प्राप्त होगी। गुजरात और महाराष्ट्र के बंदरगाहों के साथ तेज और किफायती संपर्क तथा क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों को बढ़ावा देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण जीवन और व्यापार में नई प्रणालियों को भी जन्म देता है और न केवल इससे जुड़े कार्यों को गति मिलती है बल्कि अर्थव्यवस्था के कई इंजनों को भी शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर न केवल निर्माण क्षेत्र में बल्कि सीमेंट, इस्पात और परिवहन जैसे अन्य क्षेत्रों में भी रोज़गार पैदा करता है।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लाभ के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा, यह 9 राज्यों में 133 रेलवे स्टेशनों को कवर करेगा। इन स्टेशनों पर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, फ्रेट टर्मिनल, कंटेनर डिपो, कंटेनर टर्मिनल और पार्सल हब होंगे।

प्रधानमंत्री ने रेल पटरियों का उद्धरण देते हुए कहा कि आज भारत में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए दो ट्रैक पर कार्य किये जा रहे हैं। क्षेत्र विशेष के स्तर पर और देश के विकास इंजन के स्तर पर। उन्होंने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर की तरह उद्योग को इकोनॉमिक कॉरिडोर, डिफेन्स कॉरिडोर और तकनीकी क्लस्टर प्रदान किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र विशेष और उद्योग अवसंरचना भारत की छवि को सकारात्मक बना रही है, जो विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि और भारत में विश्वास के बढ़ने से प्रतिबिंबित होती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर, उद्योग के स्तर पर और निवेश के बीच समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने रेल लाइनों को बड़ी लाइन में बदलने और विद्युतीकरण में अभूतपूर्व निवेश का भी जिक्र किया, जिससे रेलवे का दायरा बढ़ गया है और गति में वृद्धि हुई है।

ब्रिटेन में लॉकडाउन के कारण 26 जनवरी को भारत नहीं आएंगे ब्रिटिश प्रधानमंत्री

ब्रिटेन में कोरोना के नये रूप में संक्रमण बढ़ने के बाद 15 फरवरी तक लॉकडाउन लगा दिया गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने लॉकडाउन का ऐलान करते हुये लोगों को घर में रहने की अपील की है। ब्रिटेन में एक दिन में रिकॉर्ड 60 हजार से अधिक मामले भी सामने आये। इन्हीं कारणों से बोरिस जॉनसन ने भारत में गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का कार्यक्रम भी रद कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन पर इसकी

जानकारी दी और नहीं आ पाने के लिये खेद भी जताया है। जॉनसन ने कहा तेजी से फैल रहे संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में ब्रिटेन निर्णायक मोड़ पर है।

अंटार्कटिका में 40वें भारतीय वैज्ञानिक अभियान का शुभारंभ

भारत ने अंटार्कटिका के लिए 40वां वैज्ञानिक अभियान शुरू किया। यह भारतीय अभियान दक्षिणी सफेद महाद्वीप में देश के वैज्ञानिकों के चार दशकों के प्रयास का प्रतीक है। 40वें अभियान को 5 जनवरी 2021 को गोवा से रवाना किया गया, जिसमें 43 सदस्य जहाज पर हैं। चार्टर्ड आइस-क्लास पोत एमवी वासिली गोलोवनिन, यह यात्रा करेगा और 30 दिन में अंटार्कटिका पहुंचेगा। 40 सदस्यों की एक टीम को छोड़ने के बाद, यह अप्रैल 2021 में भारत लौट आएगा। वापसी पर, यह इससे

पहले गई शीतकालीन टीम को वापस लाएगा।

भारतीय अंटार्कटिक अभियान 1981 में शुरू हुआ था। पहला अभियान दल डॉ. एसज़ेड क़ासिम के नेतृत्व में गया था जिसमें 21 वैज्ञानिकों और सहायक कर्मचारियों की एक टीम शामिल थी। भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम ने अब अंटार्कटिका में तीन स्थायी अनुसंधान बेस स्टेशन बनाने का श्रेय हासिल कर लिया है, जिसका नाम दक्षिण गंगोत्री, मैत्री और भारती है। अब तक, अंटार्कटिका में भारत के दो चालू अनुसंधान स्टेशन हैं जिनका नाम मैत्री और भारती है। नेशनल सेंटर फ़ॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (एनसीपीओआर), गोवा, संपूर्ण भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम का प्रबंधन करता है।

कोच्चि-मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से

केरल और कर्नाटक के लोगों का जीवन यापन बेहतर तथा आसान होगा : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोच्चि-मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन देश को समर्पित की। इस अवसर पर कर्नाटक तथा केरल के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केरल तथा कर्नाटक दोनों राज्यों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि आज दो राज्य प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पाइपलाइन का दोनों राज्यों के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गैस आधारित अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार करना आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कारण सरकार 'एक देश-एक गैस ग्रिड' को प्रोत्साहित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पाइपलाइन मंगलौर रिफाइनरी को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगी और दोनों राज्यों में प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

तिब्बत की निर्वासित संसद के लिये प्रथम चरण का चुनाव संपन्न

तिब्बत की निर्वासित संसद के लिये पहले चरण का आम चुनाव संपन्न हुआ। इस चरण का परिणाम 8 फरवरी को घोषित

होगा। दूसरे और अंतिम चरण का चुनाव 11 अप्रैल को होगा। तिब्बत की निर्वासित सरकार 14 मई 2021 को अपने प्रमुख को चुनेगी। तिब्बत की 17वीं निर्वासित संसद के सदस्यों के चुनाव के लिये 79,697 तिब्बती मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है।

नाइजर में चरमपंथियों ने 100 लोगों को मौत के घाट उतारा

चरमपंथियों ने नाइजर में आतंकी हमले कर लगभग 100 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। यह हमले उस दिन

हुये जब देश में राष्ट्रपति पद के दूसरे दौर की चुनाव तारीखों की घोषणा की गई। नाइजर के प्रधानमंत्री ब्रिगी राफिनी ने दोनों प्रभावित गांवों का दौरा किया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार असुरक्षित तिलाबेरी क्षेत्र के लोगों ने विद्रोही लड़ाकों को मार दिया था जिसके विवाद स्वरूप इन गांवों पर हमला किया गया है।

कोरोना संक्रमण की नई लहर

ऑस्ट्रेलिया में यात्रा प्रतिबंध लागू

ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना संक्रमण की नई लहर के चलते न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया राज्यों में फिर से यात्रा प्रतिबंध लागू कर दिया है।

आस्ट्रेलियाई कैपिटल टेरैटरी ने सिडनी के उत्तरी समुद्री तटों, ग्रेटर सिडनी और अन्य छोटे केंद्रों से यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। तस्मानिया राज्य ने विक्टोरिया में हाल में संक्रमित हुये लोगों से सीधे तौर पर जुड़े हर व्यक्ति के आने पर रोक लगा दी है।

ग्रेटर सिडनी और सिडनी के वोलोनगोंग से आने वाले यात्रियों के लिये

14 दिन का पृथकवास अनिवार्य कर दिया है।

ऑस्ट्रेलियाई कैपिटल टेरैटरी में नये आदेश के तहत कहा गया है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुये नागरिक अपनी सुरक्षा और बचाव के लिये जारी किये गये निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

सऊदी अरब

कतर से लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई मार्ग खोलने को तैयार

सऊदी अरब ने हाल ही में घोषणा की है कि वो कतर से लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई मार्ग खोलने को तैयार

- **कतर के साथ कूटनीतिक संकट को समाप्त करने की दिशा में यह पहल की गई है।**
- **कतर दुग्ध उत्पादनों, निर्माण सामग्री तथा अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सऊदी से लगने वाली सीमा पर निर्भर रहता है।**

है। जानकारी के अनुसार सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने कतर पर इस्लामिक कट्टरपंथी समूहों को समर्थन देने का आरोप लगाते हुये उस पर प्रतिबंध लगा दिये थे। जिसके चलते इस छोटे से देश की एकमात्र जमीनी सीमा

2017 के मध्य से अधिकतर समय बंद रहती थी। इन देशों को कतर के ईरान के साथ अच्छे संबंधों पर भी आपत्ति है। पिछले तीन सालों में इसे कभी कभी खोला जाता था ताकि कतर के लोग हज यात्रा पर सऊदी अरब जा सकें। खाड़ी देशों के बीच विवाद को सुलझाने के लिये सऊदी का यह फैसला अहम है।

चीन के रक्षा कानून में संशोधन

चीन ने 1 जनवरी 2021 से अपने राष्ट्रीय रक्षा कानून में न केवल संशोधन किया है बल्कि सैन्य आयोग (CMC) की

- **ये संशोधन सैन्य नीति तैयार करने में राज्य परिषद की भूमिका को कमजोर करते हैं और सीएमसी को निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करते हैं।**

शक्ति का विस्तार करने का फैसला लिया है। ताकि देश और विदेश में 'राष्ट्रीय हित' की रक्षा में विस्तार किया जा सके। दक्षिण चीन मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार सशस्त्र बलों को जुटाने और तैनात करने के आधार के रूप में पहली बार विकास हितों और विकास हितों की सुरक्षा को कानून में जोड़ा गया है।

ज्ञात रहे कि पूरे दो साल के विचार-विमर्श के बाद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस द्वारा 26 दिसम्बर 2020 को कानून में ये

संशोधन पारित किया गया। इसमें 3 आर्टिकल हटा दिये गये हैं जबकि छह जोड़े गये और 50 से अधिक संशोधन किये गये हैं। चीन की न्युज एजेंसी शिन्हुआ ने इसकी पुष्टि की है।

ज्ञात रहे कि चीन के पास विश्व की सबसे बड़ी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) है। जिसके कुल सैनिकों की संख्या 28 लाख के करीब है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।